संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 18 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 308 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए।

## फास्ट न्यूज

### असम में 8756 उग्रवादियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

**गुवाहटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य में विभिन्न संगठनों के कुल 8,756 उग्रवादियों का पुनर्वास किया गया। ये सभी अब मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। सीएम सरमा ने एक्स (ट्विटर) पोस्ट करते कहा कि इनमें से सर्वाधिक 4,203 कैडर नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट आफ बोरोलैंड (एनडीएफबी) के हैं। इसके बाद विभिन्न कार्बी उग्रवादी संगठनों के 1,926 सदस्य और कई आदिवासी समूहों के 1,182 लोग शामिल हैं। सीएम सरमा ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और नया असम बनाने में हमारी मदद करने का फैसला लिया है। ये सभी लोग समर्पण सह पुनर्वास नीति और स्वावलंबन योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर अब एक सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। स्वावलंबन केंद्र सरकार की एक सह-अंशदायी पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के लोगों को अपनी सेवानिवृत्ति के लिए स्वेच्छा से बचत करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### पीजी पाठ्यक्रमों के लिए यूजीसी का नया मसौदा तैयार

**नई दिल्ली:** चार साल की स्नातक डिग्री वाले छात्रों को एक साल की पीजी डिग्री हासिल करने की अनुमति दी जा सकती है। पीजी पाठ्यक्रमों पर यूजीसी मानदंडों के मसौदे के अनुसार, सभी पीजी छात्र विषयों को बदलने या ऑफलाइन, दूरस्थ, ऑनलाइन और हाइब्रिड सहित सीखने के अन्य विकल्प भी चुन सकते हैं।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर कोर्स:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पीजी पाठ्यक्रमों के लिए एक मसौदा पाठ्यक्रम तैयार किया है, जिसे जल्द ही सार्वजनिक किया जा सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में की गई सिफारिशों के अनुसार, शोध के साथ आनर्स, आनर्स के साथ चार साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों के लिए एक साल का मास्टर डिग्री कार्यक्रम हो सकता है।

**पीजी के लिए तीन कोर्स:** मसौदे में पीजी के लिए तीन कोर्स डिजाइन किए गए हैं। इसमें एक वर्षीय मास्टर डिग्री, दो वर्षीय मास्टर डिग्री और एक पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम शामिल है। हालांकि, चार वर्षीय यूजी में स्नातक (आनर्स) और स्नातक (अनुसंधान के साथ आनर्स), कार्य अनुभव का श्रेय, एआई, मशीन लर्निंग आदि जैसे उभरते विषयों के साथ संयोजन किया गया है।

### श्रद्धालुओं के लिए खुला सबरीमाला मंदिर

**केरल:** केरल के सबरीमाला श्री धर्म संस्था मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया गया है। मंदिर को दो महीने के तीर्थयात्रा के लिए खोला गया, जहां मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

# कहीं फायरिंग तो कहीं चली तलवारें, मध्य प्रदेश चुनाव के बीच जमकर हुई हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्य** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक 71.11 फीसद मतदान हो चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। मतदाताओं ने पिछली बार कमलनाथ की 15 महीने और शिवराज की साढ़े तीन वर्ष की सरकार को देखा है। उसी आधार पर जनता अपना फैसला सुना सकती है। इस बार जहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का भविष्य दांव पर होगा तो वहीं भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और चार सांसदों के राजनीतिक भविष्य के लिए भी यह चुनाव अहम होगा। वहीं चुनाव के बीच कई जगहों पर हिंसा की घटनाएं भी देखने को मिली। कहीं फायरिंग तो कहीं पथराव हुआ। इन घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए।

**चुनावी हिंसा**

8 चुनाव के दौरान कई मतदान केंद्रों पर पथराव भी हुआ, जिसमें मुरैना का दिमनी, भिंड का मनहद गांव शामिल है।

**मुरैना और भिंड में जमकर हुई हिंसा:** चुनाव के दौरान कई मतदान केंद्रों पर पथराव भी हुआ, जिसमें मुरैना का दिमनी, भिंड का मनहद गांव शामिल है। इस हिंसा में कई लोग घायल हो गई। भिंड में तो भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला को ही चोट आ गई।



**महू में चली तलवारें, कई घायल:** मतदान के बीच महू में हिंसा भड़क गई। महू में तलवारबाजी की घटना देखने को मिली है। यहां दो लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा के लोग उनके पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। बडगोंदा टीआई कैलाश सोलंकी ने बताया दोनों पक्ष के लोग घायल है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

**मेहगांव में अज्ञात लोगों की गोलीबारी में भाजपा उम्मीदवार घायल:** भिंड के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों ने भाजपा उम्मीदवार पर गोली चला दी। घटना में एक आप समर्थक भी घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

**मुरैना के दिमनी में पथराव और गोलीबारी:** मुरैना के दिमनी में वोटिंग के दौरान मतदान केंद्र पर भारी हिंसा की बात सामने आई। यहां मतदान के दौरान पथराव और गोलीबारी हुई। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का पोलिंग पार्टी पर हमला, जवान शहीद

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को मतदान हुआ। 7 नवंबर को पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ था।

**मतदान के बाद लौटे रहे सुरक्षाकर्मियों पर हमला, एक जवान घायल:** बिंद्रानवागढ़ के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र बड़े गोबरा के जंगलों में नक्सलियों ने आईडी विस्फोट किया, जिसमें मतदान करवाने के बाद लौट रहा सुरक्षाकर्मियों के दल का एक जवान घायल हो गया। जवान को इलाज के लिए मैनपुर के अस्पताल में लाया गया है।

# 'वार्ता से हो समस्या का समाधान'

= पश्चिम एशिया में घटनाओं से नई चुनौतियां उभर रही: पीएम नरेंद्र मोदी

**नई चुनौतियां**

8 हमास-इजरायल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए संयम के साथ बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास-इजरायल संघर्ष के बीच शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में घटनाओं से नई चुनौतियां उभर रही हैं और अब समय आ गया है कि ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एक स्वर में बात करनी चाहिए। भारत द्वारा आयोजित वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे संस्करण में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि नई दिल्ली ने हमास-इजरायल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए संयम के साथ-साथ बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है।

**भारत ने की थी हमास द्वारा किए हमले की निंदा:** उन्होंने कहा, भारत ने इजरायल पर 7 अक्टूबर के बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की। साथ ही, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा, हम देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया में विकास से नई चुनौतियां उभर रही हैं। भारत ने विकासशील देशों के सामने आने वाली चिंताओं और चुनौतियों को उजागर करने के लिए जनवरी में 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' के पहले संस्करण की मेजबानी की।

**वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ एक अनूठा मंच है:** मोदी ने कहा, वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती दुनिया को प्रतिबिंबित करने वाला सबसे अनूठा मंच है। प्रधानमंत्री ने 'पांच सी' - परामर्श, संचार, सहयोग, रचनात्मकता, क्षमता निर्माण - के ढांचे के तहत सहयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, मैं उस ऐतिहासिक क्षण को नहीं भूल सकता, जब भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को जी20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर में, सितंबर में अफ्रीकी संघ 1999 में अपनी स्थापना के बाद से प्रभावशाली ब्लॉक के पहले विस्तार में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह का नया स्थायी सदस्य बन गया।



### पीएम मोदी ने आतंकवादी हमले की निंदा की

**पीएम** मोदी ने कहा, "हम सभी देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया क्षेत्र की घटनाओं से नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। भारत ने 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। हमने भी संयम बरता है। हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हम इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में नागरिकों की मौत की भी कड़ी निंदा करते हैं।" उन्होंने कहा, "फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात करने के बाद, हमने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भी भेजी है। यही समय है, जब ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एकजुट होना चाहिए।"

**दक्षिणी गोलार्ध पर स्थित देशों का समूह:** ग्लोबल साउथ, मुख्य रूप से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में दक्षिणी गोलार्ध में स्थित देशों के एक समूह को संदर्भित करता है। हालांकि, इन देशों की विशेषताएं समान नहीं हैं, फिर भी वे अक्सर गरीबी, असमानता और संसाधनों तक सीमित पहुंच जैसी आम चुनौतियों से जूझते हैं।

### पीएम मोदी ने दिखाई जलवायु वित्त पर गंभीरता

**भारत** की जी20 अध्यक्षता के तहत ग्लोबल साउथ के लिए उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी ने कहा कि इस बार जलवायु वित्त पर महत्वपूर्ण गंभीरता दिखाई गई। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के लिए ग्लोबल साउथ के देशों को आसान शर्तों में वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने पर जी20 में आम सहमति थी। उन्होंने कहा, भारत का मानना है कि नई तकनीक से ग्लोबल साउथ और नॉर्थ के बीच दूरी नहीं बढ़नी चाहिए।

**दक्षिणी गोलार्ध पर स्थित देशों का समूह:** ग्लोबल साउथ, मुख्य रूप से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में दक्षिणी गोलार्ध में स्थित देशों के एक समूह को संदर्भित करता है। फिर भी वे अक्सर गरीबी, असमानता और संसाधनों तक सीमित पहुंच जैसी आम चुनौतियों से जूझते हैं।



तेलंगानाः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।

### सभी राज्यों में लोकायुक्त को मिले संसाधन

**तिरुअनंतपुरम।** सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने प्रतिबंधक संशोधनों के चलते लोकायुक्त को दंतहीन बाघ बनाए जाने पर चिंता जताई। केरल के लोकायुक्त द्वारा आयोजित लोकायुक्त दिवस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सभी राज्यों में लोकायुक्त को संसाधनों को मुहैया कराया जाना चाहिए। साथ ही उन्हें स्वतंत्र रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी समर्थन भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस नेक संस्था का राजनीतिक हितों या दुश्मनी सुलटाने का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए।

## उत्तराखंडः लागू हुई नई स्क्रैप नीति



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**प्रदूषण** पर नियंत्रण के लिए पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने पर वाहन स्वामी को नए वाहन के पंजीकरण पर अधिकतम 50 हजार रुपये तक की छूट दी जाएगी। यह छूट निजी वाहनों पर मान्य होगी। वहीं, पुराने व्यावसायिक वाहनों को स्क्रैप कराने पर नए व्यावसायिक वाहन के वार्षिक कर में आठ वर्ष तक 15 प्रतिशत की छूट की जाएगी। केंद्र के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने को प्रदेश सरकार की ओर से परिवहन विभाग की स्क्रैप नीति को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पिछले दिनों स्वीकृति दे दी गई थी। अब शासनादेश जारी होने के बाद यह नीति प्रदेश में लागू हो गई है।

**ऐसा है नई स्क्रैप नीतिः** इसकी जानकारी देते हुए देहरादून के आरटीओ (प्रशासन) सुनील शर्मा ने बताया कि नई स्क्रैप नीति के अनुसार प्रदेश में अब सरकारी वाहन 15 वर्ष बाद चलन से बाहर होकर स्क्रैप घोषित कर दिए जाएंगे। नए वाहन के पंजीकरण कर में 25 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये तक की छूट दी जाएगी। पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के लिए निजी वाहन स्वामियों को भी प्रोत्साहित करने की योजना के अंतर्गत निजी वाहन स्वामियों को वाहन स्क्रैप करने पर पंजीकरण में 25 प्रतिशत की छूट अथवा 50 हजार की राशि, जो कम हो, वह दी जाएगी। खुल रहे हैं स्क्रैपिंग केंद्र आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से स्क्रैपिंग केंद्र खोलने के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं।

**प्रदूषण नियंत्रण**

8 स्क्रैप नीति को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पिछले दिनों स्वीकृति दी गई थी

## पराली प्रबंधनः पंजाब-हरियाणा के बाद राजस्थान में प्लांट लगाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/फिरोजपुर**

**फिरोजपुर-सीमावर्ती** जिला होने के बावजूद पराली प्रबंधन करने एवं प्रदूषण पर नियंत्रण करने हेतु एस.ए.ई.एल. कंपनी की विशेष पहल के अंतर्गत नॉर्वे के विदेश मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री एनी बीथ ट्विनरैम के नेतृत्व में विशेष प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को फिरोजपुर में पराली से बिजली बनाने के एस.ए.ई.एल. प्लांट का दौरा किया। इस दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पराली से बिजली बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने भारत और पंजाब सरकार द्वारा पराली से बिजली बनाकर प्रदूषण रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। 432 मेगावाट प्रतिदिन के हिसाब से बिजली उत्पादन किया जा रहा नॉर्वे के प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते एस.ए.ई.एल. के सी.ई.ओ. लक्षित आवला ने बताया कि उनकी कंपनी ने मुक्तसर के गांव चन्नो स्थित प्लांट में 2011 से ही बिजली उत्पादन शुरू कर दिया था।

## कांग्रेस के कुशासन-भ्रष्टाचार का अंत तयः मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दावा करते हुए कहा है कि इस बार राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। कुर्सी छिनने के दर से राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की नींद उड़ गई है। आम नागरिक का भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह सडकों पर नजर आ रहा है। हनुमानगढ़ विधानसभा सीट तो भाजपा जीतेगी ही हनुमानगढ़ जिले की अन्य अधिकतर सीटों पर भी भाजपा का कब्जा होगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमित सहू के समर्थन में गुरुवार को हनुमानगढ जिला मुख्यालय पर टाउन शहर में निकाले गए रोड शो में शामिल हुए भाजपा के स्टार प्रचारक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा में भाजपा की सरकार है। अब निश्चित रूप से राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। जब सब इलाके में एक विचार के लोग होते हैं तो वे परस्पर एक-दूसरे की कठिनाइयों को समझते हैं। वे उस कठिनाई को दूर करने का रास्ता निकालते हैं।



**रोड शो**

8 हनुमानगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का रोड शो, सीएम के रोड शो में उमडा जनसैलाब

**अधिकारों का हनन** | हरियाणा सरकार को हाईकोर्ट से झटकाः अगर नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे

# प्रदेशवासियों को निजी नौकरी में 75 फीसदी आरक्षण का कानून रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की नौकरियों में प्रदेश के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण के कानून को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है। अगर नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे। हरियाणा सरकार का 75 प्रतिशत आरक्षण का फैसला योग्य लोगों के साथ अन्याय है। यह कानून उन युवाओं के सांविधानिक अधिकारों का हनन है जो अपनी शिक्षा और योग्यता के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी करने को स्वतंत्र हैं। याची ने कहा कि यह कानून योग्यता के बदले रिहायश के आधार पर निजी क्षेत्र में नौकरी पाने की पद्धति को शुरू करने का प्रयास है। ऐसा हुआ तो हरियाणा में निजी क्षेत्र में रोजगार को लेकर अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। यह कानून निजी क्षेत्र के विकास को भी बाधित करेगा और इसके कारण राज्य से उद्योग पलायन भी आरंभ कर सकते हैं। याची ने कहा कि यह कानून वास्तविक तौर पर कौशलयुक्त युवाओं के अधिकारों का हनन है। 75 फीसदी नौकरियां आरक्षित करने के लिए 2 मार्च, 2021 को लागू अधिनियम और 6 नवंबर, 2021 की अधिसूचना संविधान, संप्रभुता के प्रावधानों के खिलाफ है। रोजगार अधिनियम 2020 को सिरे से खारिज करने की याचिका में मांग की गई थी।




**बड़ा झटका**

8 याचिका में कहा गया था कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है

**2020 में बना था कानून**

हरियाणा सरकार ने स्टेट एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट एक्ट 2020 बनाया था।

## तेलंगानाः खरगे ने जारी किया कांग्रेस का घोषणपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/तेलंगाना**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें तेलंगाना के लिए छह गारंटी और अनेक घोषणाएं हैं। कांग्रेस प्रमुख ने 42 पन्नों वाला घोषणापत्र अभय हस्तम' जारी करते हुए कहा कि तेलंगाना के लोगों का रुख है कि चाहे जो हो' कांग्रेस को सत्ता में लाया जाए। कांग्रेस की छह गारंटी में 30 नवंबर के चुनाव के बाद राज्य में सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ-साथ सभी घरों में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा शामिल है। 'रायतू भरोसा' के तहत पार्टी ने प्रत्येक वर्ष किसानों को 15,000 रुपए की निवेश सहायता देने का वादा किया है, वहीं खेतों में काम करने वाले मजदूरों को 12,000 रुपये दिए जाएंगे। चेयुता' के तहत पात्र लाभार्थियों को 4,000 रुपए सामाजिक पेंशन और 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा, हमने कर्नाटक में दिया है और इन्हें लागू किया जा रहा है। बसों में निशुल्क यात्रा योजना के कारण महिलाएं विभिन्न मंदिरों और अन्य प्रार्थनास्थलों में जा रही हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी लागू करेंगे।'

खरगे ने कहा, घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान और बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे।' उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटियों को पहली कैबिनेट बैठक में पारित किया जाएगा।



**वादों का पिटारा**

8 तेलंगाना के लोगों का रुख है कि चाहे जो हो' कांग्रेस को सत्ता में लाया जाए: मल्लिकार्जुन खरगे

# मुख्य सचिव पर अब अस्पताल घोटाले का आरोप

## चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार के बेटे की कंपनी को बिना टेंडर मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट, मुख्य सचिव पर अस्पताल घोटाले का आरोप लगाया

**खुलासा**

8 सात महीने पहले आईएलबीएस अस्पताल में बिना टेंडर के एआई सॉफ्टवेयर बनाने का काम दिलाया था






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब अस्पताल घोटाले में उनका नाम सामने आया है। विजिलेंस मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जांच रिपोर्ट सौंपी है। आरोप है कि मुख्य सचिव ने अपने बेटे की एक और कंपनी को सात महीने पहले दिल्ली सरकार के आईएलबीएस अस्पताल में बिना टेंडर के एआई सॉफ्टवेयर बनाने का काम दिलाया था, जिससे कंपनी को करोड़ों का मुनाफा हुआ। साथ ही जांच में खुलासा हुआ है कि जिस कंपनी को एआई सॉफ्टवेयर बनाने का काम दिया गया था। उसको सॉफ्टवेयर बनाने का कोई अनुभव नहीं थी।
बता दें कि विजिलेंस मंत्री आतिशी ने कथित अस्पताल घोटाला से संबंधित विस्तृत जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपी है। आतिशी ने अपने पत्र में बताया है कि सतर्कता विभाग की प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल होने और पद का गलत इस्तेमाल करने के संकेत मिले हैं। ऐसे में यह मामला 1988 के सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच के दायरे में आना चाहिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर की गई प्रारंभिक जांच से पता चला कि जमीन 2015 में लाभार्थियों की आरे से सर्कल रेट के केवल 7 फीसदी पर खरीदी गई थी, इसलिए बाकी का 93 फीसदी भुगतान नकद में किए जाने की संभावना है। ये न केवल भ्रष्टाचार का मामला है, बल्कि इसमें मनी लॉन्ड्रिंग भी हो सकती है। ऐसे में यह मामला ईडी द्वारा जांच के लिए बिल्कुल सही है। सतर्कता विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट की एक कॉपी भेजने का निर्देश किया है, ताकि ईडी इस लेनदेन में शामिल लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत मामले दर्ज कर उचित कार्रवाई करे।
**सर्टिफाइड कॉपियों के आधार पर जांच की:** आतिशी ने कहा कि उन्होंने सतर्कता विभाग के विशेष सचिव की ओर से इस मामले में उपलब्ध कराई गई फाइलों की सर्टिफाइड कॉपियों के आधार पर आरोपों की जांच की है। प्रधान सचिव (राजस्व)-सह-प्रमंडलीय आयुक्त के ऑफिस से मांगे जाने के बावजूद भी हमें उनसे कोई फाइल प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा मैंने भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जमीन के रिकॉर्ड और रिपोर्ट का भी जिक्र किया है। यह प्रारंभिक रिपोर्ट 14 नवंबर 2023 को दिल्ली के मुख्यमंत्री को सौंप दी है। सतर्कता मंत्री ने आगे कहा कि मैंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और इस मामले में लागू होने वाले कानून के अन्य प्रावधानों के तहत डीएम साउथ वेस्ट हेमंत कुमार के अलावा मुख्य सचिव नरेश कुमार और डिविजनल कमिश्नर अश्विनी कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए प्रारंभिक रिपोर्ट की एक कॉपी सीबीआई को भी भेज दी है।

### 670 पेज की रिपोर्ट मुख्यमंत्री के भेजी थी

**आतिशी** ने 670 पेज की प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी। मामले में केजरीवाल को एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने हेमंत कुमार, नरेश कुमार और अश्विनी कुमार पर मिलीभगत का आरोप लगाया था। आरोप है कि इन अधिकारियों ने लाभार्थी भूस्वामियों के साथ कुछ अवैध लेनदेन किया हैं जिससे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को गंभीर आर्थिक नुकसान हुआ। दिल्ली के मुख्य सचिव के उन जमीन मालिकों के साथ अच्छे संबंध है जिनका मुआवजा तत्कालीन डीएम द्वारा काफी ज्यादा बढ़ाया गया था। साथ ही, मुख्य सचिव के बेटे के भी इन



लाभार्थी जमीन मालिकों के साथ करीबी रिश्ते होने की बात बताई गई।

# दिल्ली में और खराब हुई आबोहवा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिवाली** की रात जमकर पटाखे फोड़े जाने और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ने के बाद से दिल्ली में दिन-ब-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, जिससे हवा की गुणवत्ता खराब होती जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता और खराब हो गई। अब यह अति गंभीर (गंभीर प्लस) श्रेणी के करीब पहुंच गई है। शहर में शुक्रवार सुबह सात बजे हवा की गुणवत्ता का सूचकांक 437 दर्ज किया गया है, जबकि गुरुवार शाम 4 बजे एक्यूआई 419 दर्ज किया गया था।
**नोएडा-गाजियाबाद का भी है बुरा हाल:** मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली प्रदूषण बढ़ने का कारण हवा का बंद और लगातार गिर रहे तापमान से आसमान में धुंध छाई हुई है। वहीं, दिल्ली से सटे गाजियाबाद (374), गुरुग्राम (404), ग्रेटर नोएडा (313), नोएडा (366), और फरीदाबाद (415) में भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर दर्ज की गई। बता दें कि राजधानी का 24 घंटे का औसत अदक हर दिन शाम 4 बजे दर्ज किया गया, बुधवार को 401, मंगलवार को 397, सोमवार को 358, रविवार को 218, शनिवार को 220 और शुक्रवार को 279 था। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सचिवालय में ग्रेप-चार के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### ऑड-ईवन पर करेंगे विचार: राय

**पर्यावरण** मंत्री गोपाल राय ने अभी वर्तमान समय में प्रदूषण की जो स्थिति बनी हुई है उसे लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगले दो से तीन दिनों तक बहुत खराब श्रेणी में ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमने इस बात की भी समीक्षा की कि अभी तक ग्रेप के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर क्या कार्रवाई की है।मंत्री राय ने कहा कि ग्रेप-चार के तहत बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इससे पहले दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुआ है।

# वक्फ बोर्ड भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन आरोपित 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में



**पद का दुरुपयोग**

8 इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के रा**ऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने तीनों आरोपितों की पांच दिनों की हिरासत बढ़ाने की मांग की थी।
कोर्ट ने जिशान हैदर, दाऊद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 16 नवंबर को इन तीनों की ईडी हिरासत आज तक के लिए बढ़ाई थी। तीनों को 11 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने इस मामले में पिछले दिनों आप विधायक अमानतुल्लाह खान के 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में सीबीआई ने 23 नवंबर, 2016 को एफआईआर दर्ज की थी।
जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं। चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया ?
चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

# केजरीवाल सरकार के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली:** राजधानी में छह सरकारी स्कूलों के भवनों के निर्माण को पूरा कराने की मांग को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में जनहित याचिका की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने याचिका में पीडब्ल्यूडी विभाग को स्कूल भवन के निर्माण को पूरा करने के लिए करीब 1667 लाख रुपए का भुगतान करने और छात्रों के उपयोग के लिए स्कूल को सौंपने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ता के मुताबिक सरकार की ओर से पीडब्ल्यूडी को करीब 1667 लाख रुपये का भुगतान न करने के कारण हजारों विद्यार्थी 358 कक्षाओं वाले छह अतिरिक्त नवनिर्मित स्कूल भवनों का उपयोग करने से वंचित हो गए।

# तीन बार लाइसेंस निरस्त पर किसी ने नहीं ली सुध




**फर्जी सर्जन**

8 डीएमसी के अनुसार, डॉ. नीरज अग्रवाल और उनके सेंटर से संबंधित पहले सात शिकायतें मिली थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इलाज** में लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार किए गए ग्रेटर कैलाश स्थित अग्रवाल मेडिकल सेंटर के संचालक डॉ. नीरज अग्रवाल का लाइसेंस दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) की कमेटी ने तीन बार निलंबित किया था। इसके बावजूद उसके सेंटर में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं रुका। हर बार कुछ समय के बाद लाइसेंस बहाल कर दिया गया, जबकि इलाज में गंभीर लापरवाही हो और झोलाछाप की मदद लेकर फजीर्वाड़ा किया गया हो तो डॉक्टर का लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द करने का प्रावधान है।
डीएमसी से जुड़े एक डॉक्टर ने बताया कि हमेशा के लिए लाइसेंस रद्द करने का अधिकार पहले भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) को था, अब यह अधिकार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के पास है। राज्य काउंसिल भी गंभीर लापरवाही होने पर लंबे समय के लिए लाइसेंस रद्द कर सकता है।
इसके अलावा अस्पताल और नर्सिंग होम का लाइसेंस रद्द करने का अधिकार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के नर्सिंग सेल के पास होता है। डीएमसी के अनुसार, डॉ. नीरज अग्रवाल और उनके सेंटर से संबंधित पहले सात शिकायतें मिली थीं। जिसमें छह मामलों का निपटारा हो चुका है। एक मामला लंबित है। चार मामलों में कार्रवाई हुई और दो मामले कोरोना के दौरान के थे। इस दो मामलों में कार्रवाई नहीं हुई। कल्याण पूरी ईस्ट की रहने वाली सपना की मौत के मामले में डीएमसी ने माना था कि उनके इलाज में लापरवाही हुई थी। इस वजह से डॉ. नीरज अग्रवाल का लाइसेंस 90 दिन के लिए निलंबित किया गया था। एक अन्य मामले में फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र बनाने के आरोप में अदालत के निर्देश के बाद उसका लाइसेंस एक माह के लिए निलंबित किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2014 में प्रहलादपुर के रहने वाले शशि भूषण ने पत्नी के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। तब इस मामले में डीएमसी की कमेटी ने डॉ. नीरज अग्रवाल का लाइसेंस एक माह के लिए निलंबित करने का फैसला लिया था, लेकिन बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। जिसे एमसीआइ में चुनौती दी गई थी। यह मामला अभी एनएमसी में लंबित बताया जा रहा है।

# छठ पूजा के रंग में रंगी दिल्ली, उत्सव के लिए तैयार हुआ आईटीओ घाट

**रंग रोगन**

8 आइटीओ स्थित प्रमुख छठ घाट पर टेंट लगाने के साथ ही कूड़े हटाने का काम तेज गति से चल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**छठ पूजा** के रंग में राजधानी रंगने लगी है। छठ घाट लगभग तैयार हो गए हैं। आइटीओ स्थित प्रमुख छठ घाट पर टेंट लगाने के साथ ही कूड़े हटाने का काम तेज गति से चल रहा है। इसी तरह साफ-सफाई में तेजी लाने के साथ ही यमुना किनारे मिट्टी डालकर समतल किया जा रहा है। एनजीटी के आदेश के अनुसार किसी भी श्रद्धालु को यमुना में जाकर पूजा करने की मनाही है। घाट को जलस्तर से ऊंचा बनाया जा रहा है, ताकि नदी में कोई नहीं जा सके। इसी तरह घाट किनारे बने कृत्रिम घाट में बोरिंग कर पानी भर दिया गया है। घाट की दीवारों का रंग रोगन किया जा रहा है। एमसीडी कर्मियों द्वारा मच्छरों पर रोकथाम के लिए फागिंग कराई जा रही है। श्रद्धालुओं को सड़क से घाट तक पहुंचने की राह आसान करने के लिए सीमेंट टाइल्स रास्ता तैयार कराया जा रहा है। गुरुवार को मध्य दिल्ली के जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ घाट का निरीक्षण किया और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

# दिल्ली के सक्रिय होने से नहीं रुकेगा प्रदूषण: गोपाल राय



**केंद्र से अपील**

8 अगर एक्यूआई गंभीर प्लस श्रेणी में पहुंचता है तो सरकार ऑड-ईवन और कृत्रिम वर्षा पर विचार करेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में एक ओर जहां दिवाली के बाद से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है तो दूसरी ओर सरकार अपने प्रदूषण पर लगाम लगाने की कोशिशों में जूझती हुई नजर आ रही है। अब शुक्रवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल का कहना है कि यह स्थिति दिल्ली ही नहीं पूरे उत्तर भारत में बनी हुई है। हम ग्रेप नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए गुरुवार को एक विशेष टीम गठित की है।
**ये पूरे उत्तर भारत की है परेशानी:** उन्होंने कहा कि यह स्थिति पूरे उत्तर भारत में बनी हुई है। दिल्ली के अलावा हरियाणा के 14 जिलों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है... राजस्थान में भी 12 जगहों पर खराब की स्थिति खराब है। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही स्थिति है।
**सिर्फ दिल्ली की सक्रियता से कम नहीं होगा प्रदूषण:** उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में हमने ग्रेप के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए गुरुवार को एक विशेष टीम का गठन किया है... अब यह टीम सख्ती से पाबंदियों का पालन कराएगी। मुझे लगता है कि यह पूरे उत्तर भारत के लिए एक समस्या है। सिर्फ और सिर्फ दिल्ली सरकार के सक्रिय हो जाने से इसका समाधान नहीं हो सकता... मुझे लगाता है कि अब वक्त आ गया है कि केंद्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे। मैं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों की एक बैठक आयोजित करने का भी अनुरोध करता हूं...। अगर एक्यूआई गंभीर प्लस श्रेणी में पहुंचता है तो सरकार ऑड-ईवन और कृत्रिम वर्षा पर विचार करेगी। इसके इतर अगस्त में शिकागो विश्वविद्यालय में ऊर्जा नीति संस्थान (ईपीआईसी) द्वारा संकलित एक रिपोर्ट में कहा था कि वायु प्रदूषण दिल्ली में लगभग लोगों की उम्र को 12 साल कम कर रहा है।

# हेड कॉन्स्टेबल को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तीन अभी भी फरार

**काबू**

8 दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सुशील (39) और शिलाक (50) के तौर पर की गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
हरियाणा के सोनीपत में दिल्ली पुलिस के जवान की गोली मारकर हत्या के प्रयास के आरोप में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक सोनीपत के अशोक नगर इलाके में बुधवार को यह घटना घटी थी।
विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, "15 नवंबर को सोनीपत पुलिस को दिल्ली पुलिस के एक हेड कॉन्स्टेबल पर गोलीबारी की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। हेड कॉन्स्टेबल की पहचान परवीन के रूप में की गई थी। उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।" इस घटना की जांच में दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम जुट गई।
टीम को आरोपियों के बारे में पानीपत के समालखां के निकट होने की जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सुशील (39) और शिलाक राम (50) के तौर पर की गई। दोनों आरोपी सोनीपत के रहनेवाले हैं।

# बुराड़ी इलाके में लोगों को घर खाली करने का नोटिस, परिवारवालों में बेचैनी; कई डिप्रेशन में...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी के** पास संगम विहार और झड़ौदा-2 क्षेत्र के करीब 14 एकड़ जमीन पर बने सैकड़ों मकानों को 19 नवंबर तक खाली करने के प्रशासन के नोटिस के बाद प्रभावित परिवारों में बेचैनी और मायूसी व्याप्त है। 25-30 वर्षों से मकानों में रह रहे लोग नोटिस देखकर सन्न हैं।
**हाई कोर्ट का खटखटाया दरवाजा:** इस बीच, प्रभावित लोगों ने नोटिस पर स्थगन आदेश के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला लिया है। किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने क्षेत्र में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती कर दी है। प्रभावित लोगों का कहना है कि नोटिस के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। दो दिन पहले नोटिस के विरोध में प्रभावित लोगों ने बाहरी रिंग रोड पर जाम लगाया था।
**25-30 साल से रह रहे लोग:** प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद लोग अपने घरों को लौट गए थे। दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर अशोक यादव ने बताया कि यह विवाद



झड़ौदा माजरा के 71 बीघा और पांच बीसवा (करीब 14 एकड़) भूखंड को लेकर है। इस भूखंड पर सैकड़ों मकानों में लोग पिछले 25 से 30 साल से रह रहे हैं। इन लोगों के पास बिजली, पानी, सीवर कनेक्शन है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों ने पैसा एकत्र कर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है।

**लोग सदमे में**

8 दिल्ली के बुराड़ी में सैकड़ों मकानों को 19 नवंबर तक खाली करने के प्रशासन का नोटिस थमाया गया

लोगों ने कानूनी लड़ाई के लिए वरिष्ठ वकीलों की टीम से बात कर ली है। मकान खाली करने के नोटिस को कोर्ट में चुनौती दी जा रही है। कोर्ट से नोटिस पर स्थगनादेश का अनुरोध किया जाएगा। यादव ने बताया कि यह बात सही है कि नोटिस कोर्ट के निर्देश के बाद जारी किए गए हैं। वे लोग चाहते हैं कि उन्हें भी अपनी बात रखने का कोर्ट में मौका मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि मकान खाली नहीं करने पर 20 नवंबर से बिजली-पानी कनेक्शन काटने की बात भी कही जा रही है। उन्होंने बताया कि झड़ौदा-2 क्षेत्र प्रधानमंत्री उदय योजना के अंतर्गत आता है।
**खाना भी अच्छा नहीं लगता:** डीटीसी से सेवानिवृत्त राजपाल व उनकी पत्नी जयवंती अपने 65 गज के मकान में 1993-94 से रह रहे हैं। दपंति बताते हैं कि पाई-पाई जोड़कर बड़ी मुश्किल से आशियाना बनाया। सब ठीक चल रहा था, अब अचानक मिले नोटिस के बाद इतने परेशान हैं कि खाना तक अच्छा नहीं लगता है, न रात को नींद आती है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिजवाड़ा गांव के रहने वाले राजपाल ने बताया कि अधिकारी चुपचाप खंभे पर नोटिस चस्पा कर चले गए। नोटिस हर व्यक्ति के पास तो भिजवाना ही चाहिए था। हमने बिजली-पानी व सीवर कनेक्शन लिया, तब जमीन के सारे कागजात विभाग में जमा कराए थे, तब क्यों नहीं सवाल किया। जब जमीन अवैध है तो पूरे इलाके में सरकार ने अपने पैसे से सड़क व सीवर लाइन क्यों डाली।
**एक महीने में कई की तबीयत बिगड़ी:** संगम विहार में 25 गज मकान रहने वाले मनोज ने बताया कि नोटिस की बात उनके पिता लक्ष्मी सिंह को पता चली तो वे तनाव में आ गए। 30 अक्टूबर को दिल में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## न्यूज फ्लैश

### भगवान से मिलने का रास्ता दिखाते हैं संत: सत्यानंद

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

**सदर बाजार** के उत्तम औषधालय स्थित माता राम प्यारी मंदिर के प्रांगण में चल रही कार्तिक कथा का बखान करते हुए स्वामी सत्यानंद तीरथ ने कहा कि संत मनुष्य को कुछ न कुछ देते रहते हैं। संतों की शरण में जाकर भगवान की प्राप्ति का रास्ता खोजा जा सकता है। स्वामी जी ने कहा जो व्यक्ति धर्म-कर्म के बनाए नियमों का पालन करता है, वह हमेशा जीवन में सफल होता है। उन्होंने नियमों के बारे में बताते हुए कहा कि जो मनुष्य सूर्योदय से पहले उठता है, वह तपस्वी होता है। जो सूर्योदय के बाद जगता है, वह मनुष्य की श्रेणी में आता है और जो बिल्कुल दिन चढने के बाद ही उठता है, वह जानवर कहलाता है। इसलिए अपने जीवन को धर्म-कर्म के नियमों के अनुसार ढालें, ताकि जीवन में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए।

### नेस्ले गेरबर ने नई सस्टेनेबिलिटी पहल के साथ नन्हें-मुन्नों के लिए नन्हा कदम उठाया



**गुरुग्राम।** नेस्ले गेरबर ने भारत में अपना सस्टेनेबिलिटी अभियान आरम्भ किया है। गेरबर ने ताऊ देवी लाल पार्क, गुरुग्राम में रीसाइकल करने योग्य प्लास्टिक से बने पार्क बेंच और गेम्स इंस्टॉल किये हैं। नन्ने-मुन्नों के लिए नन्हे कदम (लिटिल स्टेप्स फॉर लिटिल वन्स) नामक इस पहल में नन्हे-मुन्नों के लिए कुछ भी का वादा शामिल है, क्योंकि यह आगामी पीढ़ियों के लिए स्थायी भविष्य में योगदान करने का प्रयास कर रहा है। इस अभिनव दृष्टिकोण से न केवल प्लास्टिक का कचरा कम होंगे, बल्कि सार्वजनिक स्थानों में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आनंददायक अनुभव भी उपलब्ध होंगे। भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) के सहयोग से गैर-लाभकारी संगठन गेरबर ने इसके द्वारा उत्पन्न प्लास्टिक कचरे के बराबर प्लास्टिक एकत्र करने और जिम्मेदारी के साथ उन्हें प्रबंधित करने का संकल्प किया है। दिल्ली एनसीआर में प्रायोगिक परियोजना के रूप में गेरबर वर्ष 2023 में 15,000 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र करने की दिशा में काम कर रहा है। इस पहल के विषय में नेस्ले इंडिया के डायरेक्टर, न्यूट्रीशन, विनीत सिंह ने कहा कि, सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी वचनबद्धता और सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान करने का हमारा समर्पण गेरबर के मूलभूत मूल्य हैं। लिटिल स्टेप्स फॉर लिटिल वन्स पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य न केवल अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना, बल्कि एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना भी है जहाँ हमारे बच्चे ज्यादा स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में बढ़ और फल-फूल सकें। हमारा इरादा इस पहल को दिल्ली एनसीआर से बाहर विस्तारित करने और एक सस्टेनेबल भविष्य के लिए सकारात्मक योगदान करना है।

### ड्रोन-आधारित हेल्थकेयर नेटवर्क लॉन्च किया

**नोएडा।** समृद्ध हेल्थकेयर ब्लेंडेड फाइनेंस फैसिलिटी, एक मल्टी-स्टेकहोल्डर इनोवेशन और फाइनेंसिंग प्लेटफार्म, जो यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा समर्थित है और आईपीई ग्लोबल द्वारा कार्यान्वित, एक अग्रणी भारतीय स्टार्टअप, रेडविंग के सहयोग से, ओडिशा के रायगड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए एक पायलट ड्रोन नेटवर्क लॉन्च किया गया। यह पायलट कार्यक्रम ओडिशा के रायगड़ा जिले में अलग-अलग इलाकों में हवाई मार्ग से दवा और चिकित्सा उपकरण पहुंचाने के लिए रेडविंग के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ड्रोन का उपयोग करेगा। स्वधा देव सिंह, आईएएस, जिला कलेक्टर, रायगड़ा ने कहा, रायगढ़ा में गुडरी और कल्याणसिंहपुर जैसे विभिन्न ब्लॉकों में कई दुर्गम क्षेत्र हैं। इन आंतरिक क्षेत्रों में बिजली, पहुंच और इंफ्रास्ट्रक्चर सम्बंधित चुनौतियां हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में ड्रोन आधारित मेडिकल डिलीवरी एक गेम चेंजर होगी। मरीज चाहे जिले में कहीं भी रह रहें हो अब उन्हें सर्वोत्तम डायग्नोस्टिक्स और ऑन-डिमांड चिकित्सा देखभाल तक आसानी से पहुंच प्राप्त होगी। हम रायगड़ा के लोगों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूएसएआईडी/भारत स्वास्थ्य कार्यालय के निदेशक मिशेल लैंग-एली ने कहा, ह्लसंयुक्त राज्य अमेरिका और भारत सबसे कमजोर लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए साझेदारी कर रहे हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो रिमोट क्षेत्रों में रहते हैं। ड्रोन डिलीवरी ग्रामीण, आदिवासी और दुर्गम स्थानों में स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों के लिए नए समाधान संभव बनाती है, जिसमें न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में प्रयोज्यता के साथ, दूरदराज के समुदायों तक देखभाल बढ़ाने और जीवन बचाने की क्षमता है। यह यूएसएआईडी और रेडविंग लैब्स द्वारा समर्थित पहले से ही सफल हेल्थकेयर ड्रोन मॉडल के विस्तार का भी प्रतीक है, जिसने भारत के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबरक्लोसिस डायग्नोस्टिक्स और कोविड-19 परीक्षण को गति दी है।

# एटीएम कैश लोडिंग में हुआ घोटाला

## 5 मशीनों में मिले 86 लाख कम, 8 की ऑडिट अभी बाकी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल के** एटीएम में कैश लोडिंग में लाखों रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ है। कैश लोडिंग संरक्षकों ने आपसी सांठगांठ से इस गबन को अंजाम दिया है। ऑडिट टीम ने 33 में से महज पांच एटीएम की ऑडिट की है और पांच में 86 लाख रुपए कम पाया गया। अभी 28 एटीएम ऑडिट प्रक्रिया से गुजरने हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि घोटाला करोड़ों में हो सकता है। दो लोगों पर कैश लोडिंग की जिम्मेदारी थी, जिनमें से एक आरोपी तो अधिकारियों की गिरफ्त में है, जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के एटीएम में कैश लोडिंग की जिम्मेदारी विजय कुमार और सुशील कुमार को सौंपी हुई है। दोनों ही सीएमएस इंफो सिस्टम के मार्फत कार्य करते हैं। सीएमएस इंफो सिस्टम लिमिटेड एटीएम नकदी प्रबंधन सेवा प्रदान करने में मान्यता प्राप्त संस्था है।

आरबीआई के निदेशों के अनुसार सीएमएस अपनी सेवाएं दे रही है। विजय कुमार और सुशील के पास 33 एटीएम की जिम्मेदारी थी। इस बीच अधिकारियों को एटीएम में कम कैश होने की भनक लगी।

इसके बाद टीम 13 व 14 नवंबर को एटीएम का ऑडिट करने के लिए पहुंच गई, जिनमें कैश कम पाया गया।

सुशील और विजय से कैश कम होने का कारण पूछा गया, लेकिन दोनों ने गोलमोल जवाब देने शुरू कर दिए, जिससे टीम का शक और भी ज्यादा गहरा गया। मार्ग के एटीएम पर 23 लाख रुपए कम होने की जानकारी मिली। विजय से कॉन्टैक्ट किया गया, लेकिन कॉन्टैक्ट ही नहीं हो पाया। जब विजय से संपर्क नहीं हुआ तो अधिकारी उसके घर ही पहुंच गए, लेकिन पता चला कि विजय तो दो दिन से गायब है। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को पूरे मामले की जानकारी दी गई। सुशील भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और सिर्फ इतना ही कहा कि उसे कैश कम होने की जानकारी ही नहीं है। एटीएम में कैश कम मिला तो उसके बाद अधिकारियों ने सुध ली और क्षेत्रीय कार्यालय के निर्देश पर अन्य एटीएम के ऑडिट के कार्य को शुरू किया। 14 नवंबर को रूट के पहले एटीएम के ऑडिट में करनाल बस स्टैंड के नजदीक एटीएम आईडी-एमसी 007302 पर 23 लाख की नकदी कम मिली। दूसरे रूट पर टीम पहुंची, जहां 2.30 लाख रुपए कम मिले। सेक्टर-9 में 14.99 लाख, आइटीआइ चौक करनाल से 10 लाख, प्रेम नगर कैथल रोड से 17.1 लाख तथा बसंत विहार से 21.3 लाख रुपए कम मिले। अधिकारियों के मुताबिक 5 एटीएम की ऑडिट में 86.4 लाख रुपए कम पाए गए। सिटी थाना के प्रभारी जसविन्द्र तुली ने बताया कि बीती शाम को पुलिस को शिकायत मिली थी।

### युवक ने की एसपीओ और होमगार्ड की पिटाई, राइडर बाइक को तोड़ा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया कस्बा नीलोखेड़ी** में एसपीओ व होमगार्ड की पिटाई का मामला सामने आया है। यही नहीं आरोपी ने पुलिस की राइडर बाइक को भी तोड़ दिया। एसपीओ की शिकायत के आधार पर बुटाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एसपीओ बलबीर सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार को नीलोखेड़ी पुलिस चौकी में डयूटी पर तैनात था। शाम को वह राइडर बाइक पर होमगार्ड विक्रम के साथ गश्त पर निकाला था। देर शाम को जब पॉलिटेक्निक चौक पर पहुंचे तो बीच सडक पर एक युवक ने बिना नंबर प्लेट की स्पलेंडर बाइक खड़ा कर रखा था। इस दौरान होमगार्ड ने जब आरोपी से सडक के बीच से बाइक हटाने के लिए कहा तो आरोपी युवक एकदम तैश में आ गया और होमगार्ड विक्रम का गला पकडकर थप्पड़-मुक्के मारने लगा। जब आरोपी से वह विक्रम को छुड़वाने लगा तो उसने पास में पड़ा बांस का डंडा उठा लिया और उसकी गर्दन व दाहिने हाथ पर मारा। इसके बाद आरोपी ने पास में पड़ी ईंटों को उठाकर पुलिस राइडर बाइक पर मारी, जिससे हेड लाइट, डिप्पर, पेट्रोल की टंकी और सीट तोड़ दी। आरोपी जोर-जोर से ललकारा मारकर कह रहा था कि मेरा नाम परमीत सिंह है। अगर मुझे मोटरसाइकल को लेकर दोबारा कुछ कहा तो जान से मार दूंगा।

बुटाना थाना के जांच अधिकारी गुरबचन सिंह ने बताया कि एसपीओ की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने शुरू कर दिए हैं, ताकि आरोपी को पहचान कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल में लगाया गया जागरूकता कैम्प



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला बाल** संरक्षण इकाई करनाल के सौजन्य से संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सुमन नैन प्रोटेक्शन ऑफिसर द्वारा बच्चों को पोक्सो एक्ट की विस्तृत रूप से जानकारी दी गइ। बच्चों को बताया गया कि वह यदि कोई बच्चा मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है तो उसकी शिकायत कहां और कैसे करवा सकते हैं।

पूनम श्योरायण द्वारा बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम तथा 1098 नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बच्चों को मोबाइल फोन से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे आंखों पर असर पडा तथा मानसिक रूप से बच्चे पर प्रभाव पडा तथा मोबाइल पर होने वाले साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। बच्चों को जानकारी दी गई कि कैसे बच्चे आउटडोर गेम खेलकर मोबाइल फोन के इस्तेमाल की आदत से छुटकारा पा सकते हैं। विद्यालय की ओर से स्कूल के प्रधानाचार्या सोनिया द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहने की जानकारी दी गई।

### डीटीपी की टीम ने नेवल में अवैध कालोनी पर चलाया पीला पंजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिला** नगर योजनाकार ने बताया कि शुक्रवार को नेवल में हैफेड गोदाम के पीछे अवैध कॉलोनी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि यह अवैध कॉलोनी करीब 2 एकड़ में है, जिसमें करीब 4 डीपीसी और 2 निर्माणाधीन मकान एवं कच्ची सडकों को धवस्त किया गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार करनाल व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट उप निगम आयुक्त करनाल व थाना कुंजपुरा की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण न करें अन्यथा तोडफोड़ की कार्यवाही को ध्यान में रखते हुए अवैध निमार्णों के विरूद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

### अब अवैध माइनिंग करने वालों की खैर नहीं, यमुना से सटे इलाकों में ड्रोन से होगी निगरानी होगी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया करनाल** में अब अवैध माइनिंग करने वालों की खैर नहीं है। प्रशासन के पास लगातार आ रही शिकायतों के बाद डीसी अनीश यादव ने संज्ञान लेते हुए यमुना इलाके में इस अवैध माइनिंग को रोकने का फैसला लिया है। अब रात के समय ड्रोन के जरिए यमुना के संदिग्ध इलाकों में निगरानी की जाएगी। इसको लेकर टीम ने गुरुवार रात 9 बजे गांव सदरपुर में ड्रोन से निगरानी करने की प्रैक्टिस की।

अनीश यादव ने बताया कि ड्रोन की निगरानी से अवैध माइनिंग पर शिकंजा कसने में मदद मिलेगी। इसी कड़ी में गुरुवार देर रात करीब 9 बजे जिला प्रशासन करनाल की टीम यमुना से लगते सदरपुर गांव में पहुंची। यहां यमुना के क्षेत्र में ड्रोन ने उड़ान भरी और उस इलाके की बिल्कुल सटीक वीडियो फुटेज उपलब्ध करवाई। ड्रोन में हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए है। इन कैमरों की वीडियो फुटेज में न केवल व्यक्ति, बल्कि वाहन को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। अब इस ड्रोन के माध्यम से ही अवैध माइनिंग के इलाके में निगरानी की जाएगी।

गौरतलब है कि करनाल में यमुना से लगते इलाकों में अक्सर अवैध माइनिंग की शिकायत प्राप्त होती हैं।

## 9 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: चंद्रशेखर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत के दौरान पुराने ट्रैफिक चालान, चैक बाउंस होने से जुड़े विवाद, बैंक रिकवरी से जुड़े विवाद, पानी और बिजली बिल से जुड़े विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से जुड़े विवाद, भरण पोषण से संबंधित विवादों व अन्य विवादों को भी सुना जाएगा।

लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी में समीर धवन, मंडल प्रबंधक, राष्ट्रीय बीमा कंपनी, एसके हांडुजा, लीड मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, अशोक वोहरा, एडवोकेट, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य के प्रतिनिधि ने भाग लिया। चंद्रशेखर ने प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा इस संबंध में गंभीर प्रयास किए जाएं, ताकि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों के समक्ष लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है, यह एक ऐसा मंच है जहां अदालत में या पूर्व मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादोंध्मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा व समझौता किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है। उक्त अधिनियम के तहत, लोक अदालतों द्वारा किए गए निर्णय को एक सिविल कोर्ट का एक डिक्री माना जाता है और अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है और इस तरह के एक पुरस्कार के खिलाफ कोई अपील किसी भी अदालत में नहीं होती है। यदि लोक अदालत के अधिनिर्णय से पक्षकार संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि इस प्रकार के अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख प्रबंधक को मोटर दुर्घटना दावा मामलों के निपटान के लिए मोटर दुर्घटना दावा मामलों से संबंधित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया।

चंद्रशेखर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं।

### विवाहिता प्रेमी संग हुई फरार, लाखों के गहने और कैश भी ले गई साथ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया घरौंडा** थाना के अंतर्गत आने वाले एक गांव से विवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई। विवाहिता अपने साथ लाखों रुपए के आभूषण सहित कैश भी साथ ले गई। करीब एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। पति ने एक युवक पर पत्नी को बहला फुसला कर ले जाने के आरोप लगाए हैं। पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। बुधवार को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी और वह खेत में गया हुआ था। शाम को जब वह वापस आया तो उसे उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने आस पड़ोस में अपनी पत्नी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। बाद में उसने अपने ससुराल व अन्य जगहों पर भी पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पति ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ उसका कोई लडाई झगड़ा भी नहीं हुआ था। देर शाम को जब वह कहीं नहीं मिली तो उसने घर पर आकर सामान चेक किया, जिसमें से घर से लाखों रुपए के आभूषण व नकदी गायब मिली। गुरुवार को जब बैंक खाते में जाकर पैसे चेक किए तो वहां से पैसे निकले हुए थे। इसके बाद उसे शक हुआ की उसकी पत्नी को इंद्री निवासी राहुल नाम का लडका साथ लेकर गया है। घरौंडा थाना के जांच अधिकारी राम अवतार ने बताया कि पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी लडके व विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### ओम नमः शिवाय का किया सामूहिक जाप

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

**सनातन धर्म** मंदिर रामनगर में हरि ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया। फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। सबसे पहले भोले को फूलों से सजाया गया, फिर चंदन के लेप से तिलक लगाकर श्रृंगार किया गया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। श्रद्धालु वीर बजरंगी को भी रिझाते है। संगीतमयी धुनों पर जब हरिओम नमः शिवाय का जाप किया गया तो श्रद्धालु खुद को मस्त होने से रोक नहीं पाए और भोले की भक्ति में गोते लगाने लगे। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि पिछले कई वर्षो से जाप परिवार रात्रि में शिव भोले के मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करता आ रहा है।

### 'जनभागीदारी के साथ आयोजित की जाए विकसित भारत संकल्प यात्रा'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। विकसित भारत** संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक एनएचएम हर्ष मंगला ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि इस यात्रा के दौरान केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की योजनाओं से जुड़ी जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए और इस यात्रा को जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए।

हर्ष मंगला ने बताया कि आउटरीच कार्यक्रमों के तहत यह राष्ट्रव्यापी अभियान पूरे देश में गत 15 नवंबर से शुरू किया गया है, जो कि 26 जनवरी 2024 तक चलेगा। जन जागृति के लिए संकल्प यात्रा वैन करनाल जिला की ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सरकार की योजनाओं से जुड़े हुए अलग-अलग स्टॉल व सेल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन की भागीदारी रहेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों को लाभ पहुंचाना है।

**लाभार्थी होंगे सीधे रूबरू:** निदेशक हर्ष मंगला ने कहा कि संकल्प यात्रा में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत लोगों से रूबरू करवाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संदेश भी सुनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में केंद्र व प्रदेश सरकार की मुख्यतः प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना आदि आयुष्मान भारत, जन औषधि योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, कौशल विकास योजनाओं, पीएम विश्वकर्मा योजना सरीखे कार्यक्रमों पर पूरा फोकस रहेगा।

## 'कॉलोनी नियमितीकरण मामलों में लाएं ओर तेजी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया नियम पूरे** करने वाली कॉलोनियों का नियमित करने, अनाधिकृत रूप से प्रदर्शित विज्ञापनों को हटाने, किराया न भरने वाले किरादारों की दुकानों को सील करने तथा निगम जमीन की निशानदेही करवाने जैसे अहम विषयों को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम अधिकारियों के साथ गुरूवार को एक मीटिंग कर सम्बंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली। मीटिंग में संयुक्त आयुक्त अदिति भी मौजूद रही।

कॉलोनी नियमितीकरण मामलों में लाएं तेजी- मीटिंग में निगमायुक्त ने कॉलोनियों के नियमितीकरण मामलों में ओर तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक नगर योजनाकार व भवन निरीक्षक को कहा कि कॉलोनी नियमित करने के अधिक से अधिक केस तैयार कर सरकार के पास भेजें, ताकि उन्हें नियमित करवाया जा सके। मीटिंग के हवाले से उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र की 8 कॉलोनियां सरकार की ओर से पास कर दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि नियमित कॉलोनियों के वह क्षेत्र जो अनियमित रह गए थे, उन पैचिस को भी नियमित कराने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। भवन निरीक्षक ने बताया कि ऐसे 96 पैच चिन्हित किए गए हैं, इनमें से 28 का विवरण उपलब्ध है। इनमें से 9 केस पूर्ण कर मण्डल आयुक्त के पास भेजे जा चुके हैं तथा 9 ओर केस अगले सप्ताह में भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में 5 कॉलोनियों को नियमित करने की मांग आई थी, उन पर भी कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त ने निर्देश दिए गए लक्ष्य लेकर काम को किया जाए।

विज्ञापनो पॉलिसी के तहत 15 साईटों की हुई सफल बोली- समीक्षा मीटिंग में निगमायुक्त ने जानकारी दी कि विज्ञापन पॉलिसी के तहत यूनिपोल की 87 साईट, बस क्यू शैल्टर की 12 तथा साईकिल स्टैण्ड की 13 साईटों की ई-नीलामी करवाई गई थी, जिनमें से 13 साईटों की सफल बोली करवाई जा चुकी है। सम्बंधित एजेंसी से साढे 15 लाख रुपये त्रिमासिक फीस वसूल की जा चुकी है।

## सम्मान समारोह की सफलता पर जिलाध्यक्ष ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार

### प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के सम्मान में अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया भारतीय जनता** पार्टी आला कमान द्वारा ओमप्रकाश धनखड़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नियुक्त किए जाने के उपरांत कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया है। इसको लेकर करनाल में उनके आगमन पर अलग-अलग स्थान पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने सम्मान समारोह की सफलता का श्रेय कार्यकताओं को देते हुए उनका आभार जताया। नायब सैनी का करनाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नायब सैनी ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया। उसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के करनाल में कार्यकताओं के निवास पर अलग अलग जगहों पर चाय के कार्यक्रम तय किये हुए थे। जिसमें सैक्टर 5 में पूर्व सरपंच निशांत राणा के निवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने प्रदेशाध्यक्ष के विचारों को सुना।

उसके पश्चात नायब सैनी के सम्मान मे ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री राजेश सैनी के निवास पर भोजन के पश्चात नगर निगम पार्षद युद्धवीर सैनी के निवास पर चाय कार्यक्रम, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर के निवास पर चाय कार्यक्रम, अर्जुन गेट सेवा समिति आश्रम में प्रजापति समाज द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम, सैक्टर 6 में संजय खैची ने रोड समाज द्वारा सम्मान समारोह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यशपाल ठाकुर के निवास पर चाय, फिर मॉडल टाउन में रोहित धवन के निवास पर चाय और राजकुमार बलडी अध्यक्ष रोड सभा के निवास पर चाय प्रोग्राम हुए।

# संपादकीय

## विकास के सोपानों के साथ सत्य की प्रासंगिकता

**यह** तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित "सत्यमेव जयते" आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

# राजस्थान में कांग्रेस के पोस्टरों पर बार-बार बदलते चेहरे!

सुनील कुमार महला

> "युवाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। बता दें पायलट ने सीएम गहलोत से पेपर लीक से पीड़ित युवाओं को मुआवजा देने की मांग की थी। फिलहाल पायलट कैंप को रिजल्ट का इंतजार है। पायलट के करीबी एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा- "पार्टी जानती है कि पायलट वह चेहरा हैं जो उन्हें जिलों में सभी समुदायों के मतदाताओं को लुभाने में मदद कर सकते हैं। राजस्थान के अलावा, पायलट तीन अन्य राज्यों में कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। मध्य प्रदेश में इसी सप्ताह मतदान है और चुनाव प्रचार के लिए सचिन पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश का व्यापक दौरा भी करेंगे।"वैसे चुनाव से ठीक पहले पोस्टरों में सचिन पायलट की वापसी के अलग-अलग सियासी मायने निकाले जा रहे है। उल्लेखनीय है कि सचिन पायलट के जन्मदिन पर राजधानी जयपुर में लगे पोस्टरों को हटाने पर विवाद खड़ा गया था"

**कांग्रेस** के विज्ञापन क्रिएटिव, जिसमें पायलट और गहलोत को एक साथ दिखाया गया है, राज्य की राजधानी जयपुर, टोंक जिले जहां से पायलट चुनाव लड़ रहे हैं और पूर्वी राजस्थान के जिलों में प्रदर्शित किए गए हैं, जहां गुर्जर समुदाय का वर्चस्व है।राजस्थान के तमाम फ्लाईओवरों, व्यस्त चौराहों और जिलों की ओर जाने वाले राज्य राजमार्गों से लेकर पूरे राजस्थान में बड़े गुलाबी होर्डिंग्स अब दिखाई देने लगे हैं। इससे पहले कई महीनों तक होर्डिंग्स में सिर्फ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मुस्कुराता हुआ चेहरा दिखाई देता था। कुछ हफ्ते पहले पोस्टरों में सीएम गहलोत के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी नजर आए थे। लेकिन अब जब मतदान करीब आ रहा है तो कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को भी गहलोत के साथ विज्ञापन क्रिएटिव में प्रमुख स्थान मिला है। कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि राजस्थान के गुर्जर समुदाय के सचिन पायलट प्रमुख नेता हैं। ऐसे में सचिन को नजरन्दाज नहीं किया जा सकता। इसीलिए उन्हें जयपुर, टोंक जिले, जहां से पायलट चुनाव लड़ रहे हैं और पूर्वी राजस्थान के जिलों में प्रदर्शित होर्डिंग में सीएम के साथ दिखाया गया है। पार्टी को सचिन की सख्त जरूरत है।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पोस्टरों और होर्डिंग में पायलट को प्रमुखता से दिखाकर कांग्रेस दो संदेश देना चाहती है। सबसे पहले तो दोनों नेताओं के बीच अंदरूनी मतभेद खत्म हो गए हैं और पार्टी एकजुट होकर चुनाव लड़ रही है। दूसरे, यह पूर्वी राजस्थान में युवाओं और गुर्जर समुदाय को लुभाने का एक प्रयास है, जिसके बीच पायलट एक लोकप्रिय चेहरा बने हुए हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि सचिन पायलट की कांग्रेस अनदेखी नहीं कर सकती है। पायलट का 200 विधानसभा सीटों में से करीब 40 सीटों पर सीधा असर है। गुर्जर वोर्टर पर सीधी पकड़ है। इस बार कांग्रेस के रणनीतिकारों ने राजस्थान में गहलोत-पायलट की रैली के लिए अलग-अलग कार्यक्रम तय किए है। सीएम गहलोत के प्रभाव वाले इलाकों में सचिन पायलट की रैली या जनसभा नहीं है। इसी तरह सचिन पायलट के इलाकों में गहलोत का चुनावी कार्यक्रम नहीं है। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से ऐसा कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया है। लेकिन सचिन पायलट ने अभी तक दो-चार



जनसभाएं की है। वे सब पायसट समर्थक माने जाते हैं। जैसे परबतसर और लाडनूं में नामांकन पत्र दाखिल करते समय जो सभाएं की है, वे पायलट के समर्थक है। परबतसर विधायक रामनिवास गांवड़िया और लाडनूं विधायक मुकेश भाकर पायलट समर्थक माने जाते हैं। पायलट अपने साथ गुड़गांव जाने वाले सभी 19 विधायकों को टिकट दिलाने में कामयाब रहे हैं। पायलट इशारों में संकेत दे चुके हैं कि उनकी मांगें अभी पूरी नहीं हुई है। युवाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। बता दें पायलट ने सीएम गहलोत से पेपर लीक से पीड़ित युवाओं को मुआवजा देने की मांग की थी। फिलहाल पायलट कैंप को रिजल्ट का इंतजार है। पायलट के करीबी एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा- "पार्टी जानती है कि पायलट वह चेहरा हैं जो उन्हें जिलों में सभी समुदायों के मतदाताओं को लुभाने में मदद कर सकते हैं। राजस्थान के अलावा, पायलट तीन अन्य राज्यों में कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। मध्य प्रदेश में इसी सप्ताह मतदान है और चुनाव प्रचार के लिए सचिन पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश का व्यापक दौरा भी करेंगे।"वैसे चुनाव से ठीक पहले पोस्टरों में सचिन पायलट की वापसी के अलग-अलग सियासी मायने निकाले जा रहे है। उल्लेखनीय है कि सचिन पायलट के जन्मदिन पर राजधानी जयपुर में लगे पोस्टरों को हटाने पर विवाद खड़ा गया था। पायलट समर्थक विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने सीधे तौर पर सीएम अशोक गहलोत के इशारें पर पोस्टर हटाने का आरोप लगाया था। इसके बाद पायलट के पोस्टर जयपुर में बहुत कम दिखाई दिए थे। लेकिन वोटिंग से ठीक पहले सचिन पायलट की पोस्टरों में वापसी के अलग-अलग सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सचिन पायलट का 40 सीटों पर सीधा असर है। राज्य के करीब 9 फीसदी गुर्जर वोट को साधने के लिए कांग्रेस किसी भी प्रकार की चूक नहीं करना चाहती है। इसलिए गृह लक्ष्मी योजना के पोस्टरों में गहलोत और पायलट के पोस्टर एक साथ दिखाई दे रहे हैं। पिछले महीने कांग्रेस के पोस्टर और होर्डिंग्स ने भी डोटासरा के चेहरे पर दाग लगा दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद उन्होंने कथित तौर पर राजस्थान में कांग्रेस के चुनाव अभियान की देखरेख करने वाली एजेंसी डिजाइन्ड बॉक्स द्वारा बनाई गई प्रचार सामग्री का विरोध किया था। हालाँकि, डोटासरा और डिजाइन्ड बॉक्स के संस्थापक नरेश अरोड़ा दोनों ने स्थानीय मीडिया में चल रहे आरोपों का खंडन किया। बताया जाता है कि इस पोस्टर बाजी के बीच हाल ही में डोटासरा के यहां ईडी की टीम ने छापामार कार्रवाई की। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर भर्ती लीक मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के पकड़े जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने डोटासरा और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगा दिए। राठौड़ ने कहा था कि कटारा की मेहरबानी से डोटासरा का पूरा कुनबा आरएएस बन गया। इसके बाद कांग्रेस बैकफुट पर आ गई और डोटासरा के चेहरे को पोस्टर से हटाकर नए पोस्टरों पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजस्थान के कद्दावर नेता सचिन पायलट को जगह दी गई। सूत्रों ने बताया कि डिजाइन बॉक्स कांग्रेस के चुनाव प्रचार की देखरेख कर रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत के अलावा, प्रचार सामग्री में लोकप्रिय नेताओं में गोविंद डोटासरा, सीपी जोशी, भंवर जितेंद्र सिंह, शांति धारीवाल, विश्वेंद्र सिंह और एमएम मालवीय को शामिल किया गया था। लेकिन अब सचिन पायलट चमक बिखेर रहे हैं। होर्डिंग राजस्थान में कई स्थानों पर लगाए गए। दिलचस्प बात यह है कि जहां कांग्रेस की प्रचार सामग्री में जहां उसके स्थानीय नेता और गहलोत सरकार की लोकप्रिय योजनाएं शामिल हैं, वहीं केंद्र के कांग्रेस के बड़े दिग्गज जैसे मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा इस ढंग से प्रदर्शित हैं कि उन्हें दूर से पहचानना मुश्किल है। यानी कांग्रेस अपने स्थानीय नेताओं को ज्यादा महत्व दे रही है। इसके विपरीत भाजपा के चुनाव अभियान की प्रचार सामग्री में केंद्रीय नेताओं की भरमार है। राज्य भर में भाजपा के होर्डिंग में पांच प्रमुख चेहरे हैं। जिनमें बीच में सबसे बड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ शामिल हैं। सीएम गहलोत ने जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें कमरे की दीवार पर कई तस्वीरें भी लगी हैं। सोशल मीडिया यूजर्स की नरज भी उन तस्वीरों पर पड़ी और वे कमियां खोज लाए। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा- 'आपके लिए बाबा साहेब आंबेडकर पूरे परिवार के बाद आता है। ऊपर दीवार पर लगी तस्वीरें आप लोगों की हकीकत बयां करती हैं। जहां सब कुछ एक परिवार ही है। दलित आदिवासी जिनके दम पर दशकों तक सत्ता भोगी हैं, कम से कम उनका सम्मान तो करना सीखो'। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की गतिविधि के बारे में अफवाहें फैलाई जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने राजस्थान समेत सभी चुनावी राज्यों में कई बार प्रचार किया है। 16 नवंबर से पार्टी अध्यक्ष खरगे तीन दिन राजस्थान में रह रहे है । राहुल गांधी चार दिन चुनावी कार्यक्रम में शामिल हों रहे है । वहीं, प्रियंका गांधी भी 3 दिनों के लिए प्रचार करेंगी।

# कविता

## दौर

एक दौर आएगा मेरा
एक शोर आएगा मेरा।

समझते थे जो मुझे
औरों से भी कमजोर
इतिहास-ऐ-पन्नों पर
अब नाम आएगा मेरा।

एक वक्त था
कि लोग ना जानते थे
ना ही पहचानाते थे
पर वक़्त के हर पनें पर
अब नाम आएगा मेरा।

कमजोरों से भी कमजोर
समझते थे लोग मुझे
परायों से भी पराया
समझते थे मुझे अपने
बदलते वक्त के साथ
हर दिल पर
अब नाम आएगा मेरा।

डॉ.राजीव डोगरा

## छठ पूजा हमारी आस्था

कमलेश झा

**जब** विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल और पकवान ले कर निकलती हैं तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, "देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है, हम सनातन हैं, हम भारत हैं हम आर्यावर्त के धरोहर हैं। हम तबसे हैं जबसे तुम हो, और जबतक तुम रहोगे तबतक हमारा अस्तित्व भी रहेगा।"

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य भगवान बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हों। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप मातृत्व का है। इस धरा को "भारत माता" कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होता है। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य देव को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, देखकर आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी। छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर शीश नवाते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ जोड़ता है।

अपने धर्म और परंपरा के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की परंपरा की वाहक हीं नहीं होती है, बल्कि वह उन्ही का स्वरूप होती है। उसके आंचल में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति समाई होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी देवी दिखाई देती है। ध्यान से देखिये! आपको उनमें कौशल्या दिखेंगी, उनमें सीता दिखेगी, उनमें अनुसुइया दिखेगी, सावित्री दिखेगी... उनमें पद्मावती दिखेगी, उनमें लक्ष्मीबाई दिखेगी, उनमें भारत माता को छवि दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर करने में समर्थ होगी ।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास में अपने विरुद्ध हुए सारे सढयंत्रों याद रखे और उस गलती को न दुहराए।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे... हमारी आज की पीढ़ी को सदैव इसका स्मरण रहे अगली जिम्मेदारी उनकी है ... यही छठ व्रत का मूल भाव है।

# विचार

## क्यों जरूरी है नोएडा एयरपोर्ट का जल्दी शुरू होना?

आर.के. सिन्हा

**अगर** सब कुछ योजना के चलता रहा तो उत्तर प्रदेश के जेवर में तेजी से बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान अगले साल मार्च के महीने में अपने सफर पर चली जाएगी। यानी अब छह से भी कम महीनों का वक्त बचा है, इसे शुरू होने में। पहले कहा जा रहा था कि यहां से पहली फ्लाइट साल 2024 के अंत में ही उड़ान भरेगी। नोएडा एयरपोर्ट जितना जल्दी शुरू हो जाए उतना ही भारत आने और यहां से जाने वाले करोड़ों मुसाफिरों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर होगी। भारत सरकार का उड्डयन एवं गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार मिल कर कोशिश कर रहे हैं ताकि नोएडा एयरपोर्ट वक्त से पहले ही शुरू हो जाए। नोएडा एयरपोर्ट का तुरंत बनना इसलिए भी जरूरी है ताकि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) को यात्रियों की भीड़ से बचाया जा सके। इधर भीड़ के चलते बदइंतजामी और अराजकता के हालात बने रहते हैं। यात्रियों को तीन-तीन घंटे लाइन में लगना पड़ना आज के दिन आम बात हो गई है। आईजीआई एयरपोर्ट पर साल दर साल यात्रियों की भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। आप जानते हैं कि आईजीआई से प्रतिदिन हजारों भारतीय सात समंदर पार यात्रा के लिए जा रहे हैं तो इतने ही दुनिया के अलग अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। पिछले साल 2022 में तो यह दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की रिपोर्ट की मानें तो आईजीआई एयरपोर्ट से साल 2022 में लगभग 5.95 करोड़ लोगों ने यात्रा किया। यह भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट भी है। शायद यही वजह है कि आईजीआई एयरपोर्ट की वृहद् सुविधाएं भी भीड़ के सामने अब बौनी साबित होने लगी हैं। क्या कुछ साल पहले 31 मार्च, 2006 को जब आईजीआई शुरू हुआ तो किसी ने भी यह सोचा था कि इधर मुसाफिरों की भारी भीड़ से सारी व्यवस्थाएं चरमराने लगेंगी? अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि राजधानी दिल्ली में सबसे पहले 10 मार्च, 1931 को सफदरजंग एयरपोर्ट का विधिवत उदघाटन हुआ था। हालांकि इससे दो बरस पहले 1929 में ही इसकी सांकेतिक स्थापना भी हो गई थी। तब इसका नाम विलिंग्डन एयर फील्ड था। फिर इसका कुछ समय के बाद नाम कर दिया गया विलिंग्डन एयरपोर्ट। देश के आजाद होते ही विलिंग्डन एयरपोर्ट का नाम हो गया सफदरजंग एयरपोर्ट। बताते हैं, इधर कुछ विमान 1927 से ही उतरने लगे थे। दूसरे विश्व युद्ध में इसका मित्र देशों की सेनाओं ने भरपूर इस्तेमाल भी किया था। दिल्ली का यही 1962 तक मुख्य हवाई अड्डा रहा। उसके बाद पालम एयरपोर्ट बन गया। सफदरजंग एयरपोर्ट को सुरक्षा कारणों से 2002 में बंद कर दिया गया था। इसे अमेरिका में 26/11 की भयंकर घटना को देखते हुए बंद किया गया था कअब भी यहीं से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट हस्तियां अपने सफर पर निकलते हैं। फिर से वर्तमान में लौटेंगे। आईजीआई के शुरू होने के 20 साल के भीतर ही देश को एक नए विश्व स्तरीय एयरपोर्ट की जरूरत महसूस हुई। यह सुबूत है कि देश के एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। इसलिए ही ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट को बनाने पर निर्णय लिया गया। जान लें कि तीस हजार करोड़ रुपये की लागत से 1334 हेक्टेयर में बन रहा जेवर एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। फिलहाल यात्रियों की आवाजाही के लिहाज से आईजीआई देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। एक बात और। जेवर एयरपोर्ट की टिकटें आईजीआई के मुकाबले सस्ती होंगी। ऐसा दिल्ली और यूपी में एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) शुल्क में अंतर के कारण संभव होगा। आईजीआई की तुलना में यात्रियों को प्रति टिकट 1,500 रुपये की बचत होगी। एविएशन मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि जब जेवर एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा तो यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

विजय गर्ग

**आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शैक्षिक परि**दृश्य में, छात्र अक्सर खुद को एक साथ दो महत्वपूर्ण मील के पत्थर पार करते हुए पाते हैं, जो हैं बोर्ड और प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षा। एक मजबूत शैक्षणिक नींव हासिल करने के लिए बोर्ड परीक्षाएँ महत्वपूर्ण हैं, जबकि प्रतिस्पर्धी परीक्षाएँ प्रतिष्ठित संस्थानों और करियर के द्वार खोलती हैं। दोनों को संतुलित करना कठिन हो सकता है, लेकिन शिक्षा के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण के साथ छात्र दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा के प्रति एक एकीकृत दृष्टिकोण, बोर्ड परीक्षा की तैयारी को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के साथ जोड़ना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन फायदेमंद होगा। अपनी अध्ययन रणनीतियों, समय प्रबंधन और संसाधनों को प्रभावी ढंग से संरेखित करके छात्र दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। याद रखें कि यह दृष्टिकोण न केवल छात्रों को उनकी बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए तैयार करता है, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता के लिए भी तैयार करता है। संतुलन अपनाएँ, प्रतिबद्ध रहें और छात्र सफल, सर्वांगीण व्यक्ति के रूप में उभरेंगे। बोर्डों के प्रबंधन और प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी में सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ निम्नलिखित हैं। ओवरलैपिंग सिलेबस को समझें एकीकृत दृष्टिकोण में पहला कदम बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के बीच ओवरलैपिंग को पहचानना है। गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान जैसे विषयों में सामान्य विषयों की पहचान करने से छात्रों को अपनी अध्ययन योजना को सुव्यवस्थित करने और अतिरेक से बचने में मदद मिलेगी। संरचित अध्ययन योजना एक अच्छी तरह से संरचित अध्ययन योजना विकसित करें जो बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं दोनों की तैयारी के लिए समय आवंटित करे। छात्रों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे प्रत्येक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दें। एक ऐसी समय सारिणी बनाएं जो यथार्थवादी और लचीली हो जो आवश्यकतानुसार समायोजन की अनुमति दे।

## आने और जाने के बीच

डॉ. सुरेश कुमार

**अब** तुम्हें क्या बताऊँ भैया, जब रोना शुरू करता हूँ तो समझ नहीं आता कि कहाँ से शुरू करूँ। इंसान रोने के लिए हर जगह इज्जत और सम्मान तो खोज नहीं सकता। अब तो लोग रोने को भी जश्न का प्रतीक मानने लगे हैं। आजकल तो रोने के लिए वाररूम की व्यवस्ता की जा रही है। जहाँ बड़े आदर और संयम से रोया जाता है। ऐसा रोना हमने पहले कभी नहीं देखा। वे रोने वालों को कह रहे हैं कि आगे बढ़ो, दुनिया आगे बढ़ रही है, विकास हो रहा है! फिर कहते हैं वापिस जाओ, बाप-दादा बुला रहे हैं, पीछे सब अच्छा है!! वेदों की ओर लौटना तो समझते हैं लेकिन ये नेता लोग न जाने कब हमें आगे बढ़ने के लिए कहते हैं और कब पीछे हटने के लिए। अरे, मुझे समझ नहीं आ रहा कि आगा अच्छा है या पीछा!! नेता जो करे वह सही और हम कुछ कर दें सब पागल-पागल कहना शुरू कर देते हैं। नहीं-नहीं, हम राजनीति पर बात नहीं कर रहे हैं और न ही करेंगे। हमें क्या करना है, एक पैर जमीन पर दूसरा पैर कब्र में जो हमारे सिर पर खड़ा होता है उसे यमराज ही नजर आते हैं। हमें क्या फर्क पड़ता है कि कुर्सी पर टुच्चा बैठे या लुच्चा? अगर आप आज जीवित हैं तो आपके लिए रामू काका हैं। क्या पता कल तुम मर जाओ और फिर जन्म लो तो रहीम चाचा बन जाओ। लोग कहते हैं कि लाखों योनियाँ हैं, आदमी कुत्ता या बिल्ली भी बन सकता है। क्या इसकी कोई गारंटी है कि कोई आदमी बन जायेगा? इसलिए हम राजनीति की बातें करके अपना और आपका कीमती समय क्यों बर्बाद करें? ...अब देखो, तुम इतने ध्यान से क्यों सुन रहे हो? क्या हमने तुम्हें डराया है? या आपने हमसे कोई कर्ज लिया है? ...अरे भाई आप इंसानियत के पक्षधर हैं, तभी हमारा दुख बांट रहे हैं। नहीं तो पता करो कि यहाँ से वहाँ तक कोई किसी के मन की बात इतना ध्यान से सुनता है भला। बकवास सुनने का समय किसी के पास नहीं है। बूढ़े लोग सारा समय, सारा दिन घर पर ही बैठे रहते हैं और एक पल बाँटने वाला भी कोई नहीं है। एक समय था जब लोग फूल लेकर खड़े रहते थे। ...पर पुरानी बातें छोड़ो. ...हाँ, हम तो कह रहे थे कि आत्मा कैसी भी हो, सूख जाती है। बच्चों को शिक्षित किया जाए ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में डियरपास फैक्ट्री से सामान चोरी

**गन्नौर:** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री से चोर अब्रेसिव रोल चोरी कर ले गए। फैक्ट्री के प्रबंधक ने चोरी की शिकायत थाना बड़ी पुलिस को दी है। शिकायत में डियरपास फैक्ट्री के प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि 5 नवंबर को फैक्ट्री से 14 अब्रेसिव रोल चोरी हुए मिले। जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया तो फैक्टरी में लगे सीसीटीवी में कुछ व्यक्ति चोरी करते दिखाई दिए। उसने बताया कि जिस समय चोरी हुई उस समय फैक्टरी में चौकीदार भी मौजूद थे। बड़ी थाना पुलिस ने मुकेश की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### एबॅट ने लॉन्च किया नया पीडियाश्योर




**नोएडा।** बच्चों की शारीरिक वृद्धि और उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद के लिए उचित पोषण महत्वपूर्ण है। फिर भी दुनिया भर में पाँच वर्ष से कम उम्र के लगभग 149 मिलियन स्टंटेड बच्चे हैं और इनमें से एक-तिहाई या 40.6 मिलियन भारत में हैं। ग्लोबल हेल्थकेयर कंपनी, एबॅट ने बच?चों की वृद्धि और विकास में सहायता के लिए आज न्यूट्री-पुल सिस्टम के साथ नया पीडियाश्योर लॉन्च करने की घोषणा की। न्यूट्री-पुल सिस्टम विटमिन के2, विटमिन डी, विटमिन सी और केसीन और फॉस्फोपेप्टाइड्स (सीपीपी) जैसी सामग्रियों का अनूठा संयोजन है। यह बच्चों में प्रमुख पोषक तत्वों के अवशोषण के माध्यम वृद्धि प्राप्त करने में मदद करता है। भारत में एबॅट के न्यूट्रीशन बिजनेस के जनरल मैनेजर, नील जॉर्ज ने कहा कि, ह्लएबॅट जिन लोगों को सेवाएं देता है, उनके स्वास्थ्य और सेहत में सुधार के लक्ष्य के साथ विज्ञान-आधारित पोषण में अनुसंधान और नवाचार करने में सबसे आगे है। नए पीडियाश्योर की पेशकश के साथ हम बच्चों को उनके विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद के लिए सही पोषक तत्व और नए संघटकों – जैसे कि सीपीपी – प्रदान कर रहे हैं। कुपोषण और स्टंटिंग की चुनौतियों को दूर करने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अल्पपोषण पर आरम्भ में ही ध्यान देने से वृद्धि की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है और बच्चों का पूर्ण विकासात्मक क्षमता हासिल करना सुनिश्चित हो सकता है। अगर किसी बच्चे का पोषण अंतर्ग्रहण कम हो रहा है, तो डॉक्टर या पंजीकृत डाईटीशियन उनके आहार में सुधार के लिए लाभकारी सुझाव प्रदान कर सकते हैं। एक पौष्टिक पूरक पेय, जैसे कि पीडियाश्योर से भी मदद मिल सकती है।पीडियाश्योर बाल्यावास्था वृद्धि को मजबूत करने के लिए चिकित्सीय रूप से प्रमाणित और वैज्ञानिक रूप से अभिकल्पित पौष्टिक पूरक है। इसका अनूठा फॉर्मूलेशन प्रोटीन और प्रमुख वृद्धिकारक पोषक तत्व प्रदान करता है और अब इसमें अतिरिक्त सीपीपी के साथ न्यूट्री-पुल सिस्टम भी शामिल है।

### लैंक्सेस की तीसरी तिमाही में बिक्री 26.7 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** तीसरी तिमाही में लैंक्सेस के कारोबारी आंकड़ों पर एक बार फिर से कमजोर अर्थव्यवस्था का असर दिखा है। कंपनी की बिक्री 1.601 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष के 2.185 मिलियन यूरो के मुकाबले 26.7 प्रतिशत कम है। एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) 50.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 240 मिलियन यूरो से घटकर 119 मिलियन यूरो पर आ गया। कमजोर नतीजों की वजह लगभग सभी उद्योगों से कम मांग और ग्राहकों की जारी इन्वेंट्री में कमी रही। बिक्री की मात्रा में कमी और उच्च निष्क्रिय लागत के कारण विशेष रूप से स्पेशलिटी एडिटिव्स और एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स सेगमेंट में आय में गिरावट आई। वहीं, उपभोक्ता संरक्षण खंड की आय में तुलनात्मक रूप से मामूली गिरावट आई। समूह का एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) मार्जिन 7.4 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तिमाही में 11.0 फीसदी था। तीसरी तिमाही में शुद्ध आय घटकर 80 मिलियन के मुकाबले (–) 131 मिलियन यूरो हो गई। लैंक्सेस एजी में बोर्ड ऑ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथिय जैशर्ट ने कहा, वैश्विक रसायन उद्योग में मांग की स्थिति कमजोर बनी हुई है, और हमें बचे हुए वर्ष के दौरान सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। वहीं, चौथी तिमाही में अब तक की मांग भी उम्मीद के मुकाबले कम है। लैंक्सेस ने पहले ही छह नवंबर को चौथी तिमाही की अप्रत्याशित रूप से कमजोर शुरूआत की घोषणा कर दी थी। कृषि उद्योग में ग्राहकों की स्टॉकिंग शुरू करने और बोटलेक (एनएल) में अपने उत्पादन स्थल पर बिजनेस यूनिट फ्लेवर और फ्रेगरेंस के लिए आपूर्तिकर्ता-संबंधी उत्पादन सीमा के कारण वित्तीय नतीजों पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ा। इसलिए लैंक्सेस का अनुमान है कि पूरे वर्ष 2023 के लिए एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) 500–550 मिलियन यूरो के बीच रहेगा। लैंक्सेस का पिछला अनुमान पूरे वर्ष के लिए 600 से 650 मिलियन यूरो एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) था। कमजोर व्यावसायिक विकास की वजह से, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने पूरे वर्ष 2023 के लाभांश में 0.10 यूरो की कटौती करने का प्रस्ताव रखा है। इससे नकदी प्रवाह में कमी आएगी और शुद्ध वित्तीय कर्ज को कम करने में मदद मिलेगी। बिजनेस यूनिट यूरेथेन सिस्टम्स की अब शुरू की गई बिक्री से भी आय में अपेक्षित मदद मिलेगी।

### मनजिंदर सिरसा को किया जाए संगत से बाहर, तनखिया है: सरना बंधु

**नई दिल्ली: हम** काफी समय से कहते आ रहे हैं कि मनजिंदर सिंह सिरसा सिख के भेष में छिपा हुआ एक बहरूपिया है, जिसके दिल में सिखों के लिए कोई दर्द नहीं है लेकिन वह अपने लालच के लिए कुछ भी कर सकता है। हाल ही में मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के साथ मिलकर 10,000 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर एक वीडियो के माध्यम से हुआ है।उससे भी बुरी बात यह है कि मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस काम के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जैसी प्रतिष्ठित संस्था बनाई। इससे हमारी बात पूरी तरह सत्यापित हो गई है कि इन्होंने खुल कर भ्रष्टाचार किया कहीं न कही कौम से भी गद्दारी की है ,यह कहना था पूर्व अध्यक्ष,शिरोमणि अकाली दल,दिल्ली के अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना का।इस मौके पर सरदार हरविंदर सिंह सरना,और जागो पार्टी के अध्यक्ष सरदार मनिंदर सिंह जीके के साथ कई अन्य संस्था के लोग उपस्थित रहे सरना बंधुओ ने एक प्रेस वार्ता में सिरसा को आड़े हाथों लेते हुए मांग की कि उसे सिख संगत से बाहर किया जाए वही आरोप लगाया की उसने करोड़ो का गबन गुरु की गुलक का किया है।सिरसा तंखिया घोषित हो ऐसी मांग अकाल तख्त से भी की जाएगी।जी के ने आरोप लगाया कि मनजिंदर सिंह सिरसा का असली घिनौना चेहरा पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि जो व्यक्ति किसान आंदोलन के दौरान खुद को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष साबित कर रहा था, वह किसान संघर्ष का सबसे बड़ा हितैषी था।

# पुलिस और कमांडो जवानों ने चलाया सर्च अभियान

## फैजाबाद चौकी की पुलिस टीमों व कमांडो के जवानों ने शुक्रवार को सिहमा व फैजाबाद क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। थाना** सदर नारनौल, फैजाबाद चौकी और कमांडो के जवानों ने शुक्रवार को सिहमा व फैजाबाद क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना सदर नारनौल, फैजाबाद चौकी की पुलिस टीमों व कमांडो के जवानों ने शुक्रवार को सिहमा व फैजाबाद क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने यहां संदिग्ध स्थानों पर जांच की और संदिग्धों के पहचान पत्रों की जांच की। थाना सदर नारनौल प्रबंधक निरीक्षक रामनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त को काबू करने के लिए यह सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को किसी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस



अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशाझनिर्देश पर पुलिस की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं और संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस का प्रयास है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्तों को काबू कर अपराध पर रोकथाम लगाई जाए। पुलिस की ओर से लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा अपराधों पर लगाम कसने के लिए कारवाई की जा रही है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे तथा किसी भी अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील है करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस तुरंत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## सूर्या भारती पुस्तकों पर हुआ मंथन : सूर्या फाउण्डेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सूर्या फा**उण्डेशन द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर सेमिनार का आयोजन कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के बस्ते का वजन कम करना और शिक्षा को हर वर्ग तक कैसे पहुँचाएँ, पर चर्चा करना था। सूर्या फाउण्डेशन के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल जी का विचार रहा है कि बच्चों के बस्ते का बोझ और मानसिक तनाव कम किया जाए। उनकी प्रेरणा से सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा थिंक टैंक के माध्यम से सभी विषयों को समेकित कर एक कक्षा-एक किताब ऑल-इन-वन, सूर्य भारती पुस्तकें बनाई गई। प्रो. एच.एल शर्मा की अगुवाई में देश के जाने-माने शिक्षाविदों-प्रो. चंद्रभूषण, गंगादत्त शर्मा, प्रभाकर द्विवेदी, शांति स्वरूप रस्तोगी, टी.आर. गुप्ता, डॉ. गुज्जरमल वर्मा, प्रो. डी.पी. नय्यर जैसे अनेक विषय विशेषज्ञों ने कई वर्षों की कठोर मेहनत करके ये पुस्तकें बनाई।

इन पुस्तकों में शिक्षण की सभी बातों का ध्यान रखा गया है। खेल-खेल में पढ़ाई कैसे कराई जा सकती है।

## नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**लोक** आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया है। व्रतियों ने सुबह स्नान करने के बाद नहाय-खाय का प्रसाद, पवित्र तरीके से कद्दू की सब्जी, चने की दाल और चावल बनाया। व्रती के प्रसाद का सेवन करने के बाद घर के लोगों ने वही प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यमुना व नहरों के किनारे प्रसाद बनाया तो कई लोगों ने घर में ही नहाय-खाय की पूजा की। दरअसल छठ पूजा मुख्य रूप से सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का पर्व है। 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस दौरान डूबते और उगते



सूर्य की पूजा करते हैं और अर्घ्य देते हैं। सूर्य देव के आशीर्वाद से व्यक्ति को निरोगी जीवन प्राप्त होता है और उसका घर धन-धान्य से भर जाता है। वहीं, छठी मैया की कृपा से निसंतान दंपत्तियों को संतान की प्राप्ति होती है। संतान के सुखी जीवन के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। इसके रखने से मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। छठ पूजा का व्रत कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। यह व्रत वर्ष में दो बार आता है- पहला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को और दूसरा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को। कार्तिक शुक्ल षष्ठी को पड़ने वाली छठ पूजा का महत्व ज्यादा है, इसे छठ पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा, डाला छठ, छठी माई, छठ आदि नामों से जाना जााता है।

पर्व के दूसरे दिन शनिवार को व्रती सुबह से निर्जला उपवास करेंगी। दिनभर घर या नदी किनारे व्रती गंगाजल से साफ-सफाई करेंगी। शाम में मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर पीतल या मिट्टी के बर्तन में गुड़, चावल और दूध से खीर बनाएंगी। फिर गंगाजल से धुले गेहूं को पिसवा कर रखे आंटे से पूड़ी या रोटी बनाएंगी। शाम होते ही छठी मईया की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी।

## जगुआर हाउस ने पैंथर हाउस को हरा कर जीता फुटबॉल खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में जगुआर हाउस की टीम ने पैंथर हाउस की टीम को 3-0 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। जगुआर हाउस के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। जगुआर हाउस के स्टार खिलाड़ी आदित्य ने दो शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने इंटर हाउस फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ



किया। सुधीर जैन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि खेलों से न सिर्फ बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास होता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। यही नहीं खेलों से ही बच्चों में अनुशासन, सहनशीलता और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल हर किसी की जिंदगी में काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि खेलों से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण भी होता है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि आज खेलों में कैरियर के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं । हरियाणा के खिलाड़ी एशियन गेम्स व ओलम्पिक में भी पदक जीतकर देश का परचम लहरा रहे हैं । अपनी प्रतिभा व उपलब्धियों की बदौलत वे शोहरत, इनाम और अच्छी नौकरी हासिल करने में सक्षम हो रहे हैं । खेल इंचार्ज संजीत ने बताया कि इंटर हाउस फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले सेमीफाइनल में जगुआर हाउस की टीम ने प्यूमा हाउस को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । दूसरे सेमीफाइनल में पैंथर हाउस की टीम ने लैपर्ड हाउस की टीम को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

## महाराज एवं ललित पंवार ने जीओ गीता चौक का किया उदघाटन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**सेक्टर-14 स्थित** जीओ गीता चौक का उदघाटन गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने किया। इसके उपरांत युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने महाराज ज्ञानानंद से आशीर्वाद लिया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता सम्पूर्ण विश्व के लिए है। गीता का उपदेश जीवन की सफलता की कुंजी है। गीता के उपदेश का अनुसरण के बगैर जीवन की सफलता बड़ी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि गीता चौक बनने से न सिर्फ सोनीपत अपितू इस शहर से गुजरने वाले विभिन्न प्रदेशों व जिलों के लोगों को गीता का संदेश मिलेगा। उन्होंने प्रत्येक जन को गीता के उपदेश का अनुसरण करने का संदेश दिया। महाराज जी ने कहा कि गीता का उपदेश जीवन के सफल को सुहाना बना देता है। बड़ी से बड़ी मुश्किल चंद ही क्षणों में ढेर हो जाती है, यदि व्यक्ति गीता के उपदेशों का अनुसरण करें। उन्होंने इस कार्य के लिए विधायक सुरेंद्र पंवार की सरहाना की। जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार हमेशा आमजन की भलाई के कार्य में जुटे रहते है। वह गीता के उपदेशों का अनुसरण करके प्रत्येक जन का भला करने में हमेशा तत्पर रहते है। जीओ गीता परिवार सोनीपत ने इस कार्य के लिए विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद किया। इस दौरान दिलीप पंवार, आशु, राजबख्श, कमल हसीजा, राजीव शास्त्री, पंकज चावला, मनोज डेम्बला, परमानंद बत्रा, मुकेश अरोड़ा, मुकेश सिकरी, अनिल बत्रा, परमिंद्र बत्रा, नरेश अरोड़ा, योगेश शर्मा, अचिन सचदेवा, दौलत बजाज, मयंक कटारिया, धीरज, अशोक कथूरिया, बीआर आहूजा, रोहित आहूजा, बिट्टू सचदेवा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प में एंजलीना राणा को मिला बेस्ट स्पीकर अवार्ड

### एंजलीना राणा को पिता एसीपी गोरखपाल राणा व एसडीएम डा. निर्मल नागर को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**31 यूके** बटालियन द्वारा हरिद्वार में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण कैंप के दौरान गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा की बेटी एंजलीना राणा को बेस्ट स्पीकर अवार्ड से नवाजा गया । यूनिट के कैंप कमांडेंट कर्नल विनय मल्होत्रा ने एंजलीना राणा को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कैंप के दौरान सभी कैडेट्स को अनुशासन, एकता, पारस्परिक सौहार्द और सामंजस्य की भावना के साथ देश सेवा के लिए प्रोत्साहित किया गया। एंजलीना राणा ने बताया कि प्रशिक्षण कैम्प में



गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा. राकेश भूटियानी ने कैडेट्स को मैप रीडिंग, ड्रिल, फायरिंग, योग, पीटी आदि का प्रशिक्षण दिया। वहीं कैम्प में कैडेट्स को समाज की ज्वलंत समस्याओं के प्रति जागरूक भी किया गया। जिसमें साइबर सिक्योरिटी, हेल्थ व हाइजीन,रोड व ट्रैफिक सेफ्टी, जेंडर सेन्सटिविटी, एड्स अवेयरनेस आदि प्रमुख थे। एंजलीना ने बताया कि कैम्प में रुड़की ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एसएस नेगी ने भी कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही खेल क्षमता को निखारने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी हुई, जिसमें वालीबाल, टग आफ वार आदि प्रमुख थी। साथ ही कैडेट की मानसिक क्षमताओं को निखारने के लिए क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। समाज को जागरूक करने के लिए कैडेट्स द्वारा आसपास के गांव में जाकर नशा मुक्ति और स्वच्छता अभियान विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए।

## किरण चौधरी ने किया राजस्थान कांग्रेस रिसर्च विभाग की पुस्तिका का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। कांग्रेस पार्टी** की राजस्थान विधानसभा चुनाव में संभागीय पर्यवेक्षक किरण चौधरी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के रिसर्च विभाग की पुस्तिका का विमोचन चौधरी सुरेन्द्र सिंह की जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित सम्मान दिवस समारोह के दौरान किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के रिसर्च विभाग के चेयरमैन एवम् एआईसीसी सदस्य प्रोफेसर वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि उक्त पुस्तिका में भाजपा की पांच वर्ष की विफलता के साथ साथ भाजपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यों का तुलनात्मक विवरण, भाजपा द्वारा पूर्व में किए गए भ्रष्टाचार, कांग्रेस द्वारा किसानों की ऋणमाफी सहित



कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई गई चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य जनहित के कार्यों का उल्लेख है। इस संदर्भ पुस्तिका का उद्देश्य आम मतदाता को जागरूक करना है ताकि वह कांग्रेस व भाजपा के कार्यों का अवलोकन करके अपने मत का प्रयोग कर सके। उक्त पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता विधायक किरण चौधरी, कांग्रेस के रिसर्च विभाग के चेयरमैन प्रोफेसर वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व प्रधान सरपंच एसोसिएशन नांगल चौधरी राजेंद्र यादव, मेजर राजेश कश्यप,संदीप बैरवाल,दीपांशु गुप्ता व जयपुर शहर रिसर्च विभाग के अध्यक्ष राजेश काजला सहित अनेक लोगों पर स्थित रहे।

## अधिसूचित क्षेत्र में काट दी कॉलोनी, बना दिए गए पक्के रोड़

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा की** सभी तहसीलों में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। जिसमें सोनीपत जिले की तहसील भ्रष्टाचार करने में पहले नंबर पर बनी हुई है। यह बात आम आदमी पार्टी हरियाणा की सोनीपत लोकसभा के अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं को सिर्फ दो ही काम रास आ रहे हैं। एक तो अवैध शराब की बिक्री और दुसरा अवैध प्लाटिंग कर लोगों को ठगना। लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने कहा कि जमीन से संबंधित किसी भी कार्य के लिए आम जनता को

**दलालों की आड़ में सोनीपत तहसील में भ्रष्टाचार चर्म सीमा पर**

तहसील में जाना पड़ता है। जहां पर आम जनता लगातार लंबी-लंबी लाइनों में लगी रहती है। लेकिन कुछ खास लोग दफ्तरों में अधिकारी के पास बैठकर अपना काम निकलवा लेते हैं। अपनी जमीन की फर्द निकलवाने के लिए लोगों को घंटो लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। कंप्यूटर पर बैठे कमीर्यों द्वारा कभी सर्वर डाउन तो कभी इंटरनेट न चलने की बातें कहकर रसूखदारों के कामों को पहले किया जाता है। दलालों की आड़ में सोनीपत की सभी तहसीलों में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। हरियाणा सरकार में दलालों का बोलबाला है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की आम जनता अपने किसी वैध कॉलोनी स्थित अपने प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के लिए भी जाता है तो कोई ना कोई कमी निकाल कर उसको रोक दिया जाता है। फिर खेल शुरू होता है दलाली का। वही रजिस्ट्री दलाल के हाथ में जाते ही त्वरित कार्यवाही होती है। दलाल और कुछ भ्रष्ट अधिकारी मिलकर जनता के साथ ये घिनोना खेल रहे हैं। इस सरकार में गरीबों का लगातार शोषण हो रहा है।

देवेन्द्र गौतम ने एक प्रतिष्ठित अखबार की खबर पर खुलासा करते हुए बताया कि किस प्रकार अधिनियम 1975 की धारा 7-अ के तहत अधिसूचित क्षेत्र के अंदर भू-माफियाओ के द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। यह रकबा पट्टी मुसलमान क्षेत्र का है और सम्बंधित भूमि के खसरा नंबर 2706, 2711, 2712, 2713, 2714, 2715, 2740, 8691/2705, 9167/2716, 9173/2718, 9175/2720, 9177/2739 है जिस पर कॉलोनी काटी गई है। कॉलोनी में डीपीसी लग चुकी है।

रोड़ भी पक्के हो चुके है। यह सब कार्य संबंधित अधिकारियों व विभाग की देख-रेख में हो रहा है। क्योंकि रजिस्ट्री करवाने के लिए ठडउ सम्बंधित विभाग द्वारा भू-माफियाओ को दे दी गई है। लगभग 80-100 छोटे प्लॉट की रजिस्ट्री की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### रोगमुक्त, दवामुक्त, नशामुक्त जीवन के लिए कारगर है प्राकृतिक चिकित्सा : डॉ जयदीप आर्य

**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

प्राकृतिक चिकित्सा को माँ एवं योग को पिता के रूप में यदि हम स्वीकार करेंगें तो हम पूर्णतः रोगमुक्त हो सकते हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा योग आयोग के माननीय चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि हरियाणा योग आयोग का लक्ष्य है - रोगमुक्त, दवामुक्त और नशामुक्त हरियाणा । इस निमित्त हम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सा के चिकित्सकों का पंजीकरण आरम्भ कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने से आपके परिवार का स्वास्थ्य बजट 25% रह जाएगा और कार्यक्षमता व धन-समृद्धि दोगुनी होगी । डॉ आर्य ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा भारतीय संस्कृति की मूल देन है । रोगों के रोकथाम में प्राकृतिक चिकित्सा अत्यंत लाभदायक है । इसे आगे बढ़ाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का योगदान सराहनीय रहा है । वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं योगऋषि स्वामी रामदेव का योगदान प्रशंसनीय है । प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के माननीय रजिस्ट्रार डॉ नरेश भार्गव भी इस कार्यक्रम में जुड़े और उन्होंने हरियाणा योग आयोग द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र किये जा प्रयासों की सरहाना की और बताया कि इन प्रयासों से योग आम जन तक पहुँच रहा है ।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस (18 नवम्बर) के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जूम ऐप एवं हरियाणा योग आयोग के ऑफिसियल फेसबुक पेज के माध्यम से किया गया जिसमें लगभग 10 हजार प्रतिभागी जुड़े । इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिला आयुष अधिकारी, आयुष चिकित्सक, आयुष योग सहायक, आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण एवं योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न गैर झसरकारी संस्थाओं के विद्वान चिकित्सक शामिल रहे । कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्र पाठ के साथ किया गया ।

सोहना, गुरुग्राम से डॉ विजाता आर्य ने शरीर एक, रोग एक, उपचार एक पर वक्तव्य देते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के प्रायौगिक रूप को दशार्या, कुरुक्षेत्र से डॉ विनोद कुमार ने प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से फेफड़ों सम्बन्धी समस्या की चिकित्सा, कैथल से डॉ होशियार सिंह हुड्डा ने उच्च रक्तचाप व हृदय रोगों में प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका, सिरसा से डॉ राजेन्द्र वर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा रीड हड्डी के रोगों का सरल, सुलभ एवं दवा मुक्त उपचार बताया एवं गुरुग्राम से डॉ शालू गुप्ता ने मधुमेह रोग में प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका विषयों पर ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिया । कार्यक्रम के संयोजक के रूप में झज्जर से वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डॉ मदन मानव जी ने भूमिका निभाई । कार्यक्रम का समापन धन्यवाद एवं शांति पाठ के साथ किया गया।

### लगातार बढ़ रहा मृतकों का आंकड़ा, जिम्मेदार ढूंढ रहा प्रशासन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

राया में हुए भीषण अग्निकांड में अभी प्रशासन घटना के जिम्मेदार तलाश रहा है। एसडीएम महावन ने अपनी आख्या जिलाधिकारी को सौंपी है। जिसमें कहा गया है कि सात दुकानों में आग लगी और 13 लोग घायल हुए। इसके बाद जिलाधिकारी की ओर से एक और जांच कमेटी का गठन किया गया है जो अग्निकांड के कारण के साथ ही जिम्मेदार भी तलाश करेगी और बताये के कि आगे ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उप जिलाधिकारी मांट से प्राप्त आख्या के अनुसार राधा गोपाल बाग राया स्थित खुले मैदान में आतिशबाजी (पटाखों) की कुल 22 दुकानों में से सात दुकानों में जिनका क्रम एक, दो, तीन, चार, पांच, छह व सात में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण दुकानें जल गईं एवं मौके पर उपस्थित 13 व्यक्ति घायल हो गए थे। घटित घटना की जांच के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश संख्या 1020, ओ.एस.डी के द्वारा 12 नवम्बर को गठित की गई जांच समिति को निरस्त करते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की संयुक्त जांच समिति गठित की है। समिति घटना के कारण की जांच, किस स्तर पर शिथिलता बरती गई के संबंध में आख्या एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनार्वृत्ति न हो के संबंध में अपने सुझाव से जिलाधिकारी को एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

# राया अग्निकांड: बेटे के बाद पिता की भी मौत, अब तक छह मरे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दीपावली पर राया के पटाखा बाजार में लगी आग में झुलसकर घायल हुए नौहझील निवासी मोहन सिंह पुत्र हरीशचंद्र ने गुरुवार की रात लगभग 12 बजे उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इलाज दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था। इससे पहले इनके बीच के बेटे पे बुधवार रात दम तोड़ दिया था। जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार देर शाम किया गया था। राजेश की चिता की आग ठंडी नहीं पड़ी थी तब तक पिता मोहन सिंह की भी मौत



की खबर आ गई। मौत की खबर मिलते ही बुरी तरह चीख पुकार मच गई अब तो मानो परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूटता नजर आ रहा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं कस्बा में मातम छाया हुआ है। हर कोई अग्निकांड में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मगर अब तक अग्निकांड में कोई भी कार्रवाई प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। इस हृदय विदारक घटना से हर कोई स्तब्ध है। राजेश की मौत के बाद भी प्रशासन का कोई भी अधिकारी परिजनों का ढ़ाढस बंधाने नहीं पहुंचा। जिससे परिजनों सहित कस्बावासियों में रोष व्याप्त है। मोहन सिंह का शव देर शाम घर आया जहां गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**दो भाईयों की हालत चिंताजनक**

मोहन के बड़े बेटे रिंकू की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जिसका दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिश्तेदारों ने बताया कि रिंकू 90 प्रतिशत झुलसा हुआ है जो कि एम्स में जिंदगी व मौत के बीच जंग लड़ रहा है। वहीं मोहन के तीसरे बेटे जतिन का भी उपचार एम्स में जारी है जो कि लगभग 75 प्रतिशत झुलसा हुआ है। इस घटना के बाद गांव में हर कोई हदप्रद और नाराज दिख रहा है।

अब तक इन की हुई है मौत मंगलवार को दो, बुधवार को दो और गुरुवार को एक घायल की मौत की पुष्टि अधिकारियों ने की है।

## नई पीढ़ी को हमेशा स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना चाहिए: संजय सिंगला

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के नाम पर बनी हरियाणा की एक मात्र मंडी मे आज उन वीर सपूत की पुण्यतिथि पर सोनीपत समाज पंचायत( सोनीपत की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का एक समूह) व अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा आज शुक्रवार 17 नवंबर 2023 को उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके और मोमबतिया लगाकर लोगों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि लाला लाजपत राय (28 जनवरी 1865झ 17 नवम्बर 1928) भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्हें पंजाब केसरी भी कहा जाता है। इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से एक थे। सन 1928 में इन्होंने साइमन कमीशन के विरुद्ध एक प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गये और अन्ततः 17 नवम्बर सन 1928 को इनकी महान आत्मा ने पार्थिव देह त्याग दी अंत समय मे उन्होंने कहा था मेरे शरीर पर पड़ी एक एक लाठी अंग्रेजो के कफन की कील साबित होगी और इस घटना के बात स्वतन्त्रता आंदोलन मे भी तेजी आई, इस अवसर परमार्केटिंग बोर्ड के पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा, मंडी के प्रधान अजय गोयल, पार्षद अतुल जैन, नरेश गर्ग, हरिप्रकाश मंगला बैन्यापुर, रामकरण गर्ग, समाज पंचायत के सह संयोजक अशोक खत्री,प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अनुज जैन, गणित प्रवक्ता संजय कुमार,मोनिका गर्ग, अनीता बंसल, बेबी गर्ग, अनिपाल लाकड़ा आदि मौजूद रहे।

## *पंचकूला आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का होगा भव्य स्वागत*

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पंचकूला आने पर भव्य नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय शर्मा एवं जिला प्रभारी डा. संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि 19 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी पंचकूला आएंगे उनके आगमन पर होने वो समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय झ्झ्पंचकमलझ्झ में बैठक की गई। बैठक में ज़िला भाजपा पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ज़िला प्रभारी डॉक्टर संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के अभिनंदन समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। रविवार को दोपहर 12 बजे पंच-कमल कार्यालय में आयोजित होने वाला सम्मान समारोह भव्य व शानदार होगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर बने सिंह द्वार से पंच-कमल भाजपा कार्यालय तक प्रदेश अध्यक्ष का ढोल नगाड़ों व परंपरागत रूप से स्वागत किया जाएगा। इसके लिए ज़िला भाजपा कार्यकताओं के अलावा विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई हैं ।डा. संजय शर्मा ने बताया कि नायब सिंह सैनी के पंचकूला आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसलिए यह नागरिक अभिनंदन समारोह हर मायने में यादगार होगा। समारोह को लेकर पूरे शहर में जश्न का माहौल है।

इस स्वागत समारोह में शहर के लगभग सभी समाज सेवी, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और सदस्य स्वागत करने के लिए पूरी तरह तत्पर है ।आज इस मौके पर जिला महामंत्री परमजीत कौर व वीरेंद्र राणा, करनाल जिला प्रभारी दीपक शर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष वरिंदर गर्ग, शिवालिक डेवलपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश देवी नगर, जिला उपाध्यक्ष सतपाल गुप्ता व पार्षद हरेंद्र मलिक, पार्षद सुरेश वर्मा, संजीव कौशल, विनोद सावर्णी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण अली, ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष सुनील धीमान, मंडल अध्यक्ष युवराज कौशिक के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वार्डों में कैंप लगाकर बिलों का किया जाएगा वितरण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम के अधिकारी वार्डों में पहुंच कर कैंप के माध्यम से बिलों का वितरण करेंगे और लोगों की आपत्तियों का निस्तारण करेंगे।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा कर विभाग की पार्किंग व्यवस्था एवं डूडा से संबंधित संचालित कार्य एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन के समस्त वार्डों में शत प्रतिशत बिल वितरित करने एवं प्राप्त आपत्तियों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण करने के दृष्टिगत कर विभाग के अधिकारियों को वार्डों में कैंप लगाकर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

## आप यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित रुहल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**ससमालखा, कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित रुहल ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से मिले और आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इसके तहत लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं जान रहे हैं और आम आदमी पार्टी की नीतियां लोगों तक पहुंचा रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी की नीतियों से लगातार नए लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। प्रदेश की जनता खट्टर सरकार से परेशान हो चुकी है, अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।



उन्होंने कहा कि समालखा हल्के में सुविधाओं का टोटा है। न लोगों को बिजली मिल रही और न पानी। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और न अस्पतालों में डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में फसल बेचने में समस्या आ रही है और न किसानों को फसलों का सही दाम मिल रहा है। लेकिन भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर बिल्कुल ही बेखबर है। वहीं क्षेत्र में कानून व्यवस्था का भी बुरा हाल है।

उन्होंने कहा कि वहीं खट्टर सरकार में प्रदेश में जहरीली शराब का अवैध धंधा चल रहा है। 24 परिवार जहरीली शराब के कारण अपने स्वजनों को खो चुके हैं। सरकार में बैठे लोग शराब माफियाओं से सांठगांठ कर अवैध शराब के धंधे को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदेश में प्रशासन और शासन नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश का हर वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। जिस पर खट्टर सरकार अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

## राजस्थान व एमपी में गेहूं का 2700 रुपये प्रति क्विंटल भाव देगी भाजपा

**मुआवजा**

8 राजस्थान में कांग्रेस द्वारा 19 हजार किसानों की छीनी गई जमीन का भाजपा सरकार बनने पर देगी मुआवजा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों को गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाएगा। राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा लगभग 19 हजार 400 किसानों की छीनी गई,भाजपा सरकार बनने पर इस जमीन का भी किसानों को उचित मुआवजा



दिया जाएगा और आगे ऐसी नीति बनाई जाएगी कि किसी भी किसान की जमीन न छीनी जाए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को झुंझुनू में पार्टी का प्रचार करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र राजस्थान के चहुंमुखी विकास का रोडमैप है।

धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त व कुशल नेतृत्व में किसान हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए और लागू किए हैं। पीएम मोदी ने बीज से बाजार तक की किसान हित में नीतियां बनाई और लागू की हैं ।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती व करती है। हमने कहा था अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे।

श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। हमने कहा था कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे, भाजपा की मोदी सरकार ने हटा दी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर किसानों का गेंहू 2700 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। यह मोदी जी की गारंटी है। पीएम सम्मान निधि समय पर सीधे किसानों के खातों में भेजी जा रही है। धनखड़ ने कहा कि राजस्थान में उज्जवला की बहनों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा , तकनीकी शिक्षा पर विशेष फोकस किया जाएगा।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने राजस्थान को भर्ती परीक्षा पेपर लीक का गढ़ बना दिया है। भाजपा सरकार बनते ही विशेष जांच टीम गठित कर पेपर लीक के दोषियों को सजा दिलवाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा राजस्थान के विकास के साथ साथ राजस्थान के गौरव को बहाल करने का कार्य करेगी ।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का पर्व छठ पूजा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कान्हा की नगरी में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छठ महापर्व की शुरूआत पहले दिन नहाय खाय के साथ होती है, नहाय खाय वाले दिन महिलाएं छठी मैया के प्रसाद के लिए गेहूं को धोकर सुखाती हैं। इस गेहूं की सफाई से लेकर गेहूं को सूखने तक यह विधि किसी साधना से कम नही है, व्रती महिलाएं गेहूं को सुखाते समय पूरा ख्याल रखती हैं ताकि किसी भी तरह से यह गेहूं अशुद्ध न हो सके, कोई पशु या पक्षी गेहूं को जूठा न कर दे। साथ ही व्रती महिलाएं गेहूं सुखाते समय छठी मैया व भगवान भास्कर के मधुर गीत भी गाती हैं। सूखे हुए गेहूं को अगले दिन आटा चक्की को धुलवाकर गेहूं पिसवाया जाता है, इसी गेहूं के आटे से ही भगवान भास्कर का प्रसाद बनेगा। सनातन पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को आस्था का महापर्व छठ मनाया जाता है।

इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा की शुरूआत नहाय खाय से होती है। इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है।

इस दिन व्रती दिनभर उपवास कर शाम में पूजा करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके पश्चात लगातार 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती हैं। सनातन धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है। महाभारत काल में द्रौपदी भी छठ पूजा करती थीं। धार्मिक मान्यता है कि छठ पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वर्तमान समय में छठ पूजा का महापर्व बिहार समेत देश विदेश में मनाया जाता है।

## शेरगढ़ में 19 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ग्राम पंचायत शेरगढ़ में 19 नवंबर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि रक्तदान शिविर मेंबढ़-चढ़कर हिस्सा लें जिससे कोई दिन दुखी आशा है लोगों को खून की कमी से मृत्यु ना हो सके यह रक्तदान शिविर प्रधान प्रतिनिधि नीरज शर्मा के तत्वदान में लगवाया जा रहा है प्रधान प्रतिनिधि नीरज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्त मित्र फाउंडेशन के बैनर तले हमारे कस्बा शेरगढ़ में 19 नवंबर दिन रविवार को सुबह दस बजे लेकर दोपहर तीन बजे स्थान खिड़की मोहल्ला मे लगाया जा रहा है जिस मे कि संस्था की तरफ से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट, व प्रस्तुति पत्र प्रदान किए जाएंगे अतः सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं से विनम्र अपील है कि रक्तदाता आए और रक्तदान कर पुण्य कमाए

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री वैष्णव सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीधाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित कुंभ मेला क्षेत्र में विराट आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 108 वां 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन स्वामी श्री भरत दास आचार्य महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश मित्तल ने बताया कि 27 नवंबर से 29 नवंबर तक इस विराट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां लगभग पूर्ण



हो गई हैं। 108 कुंडीय यज्ञशाला का भव्य निर्माण किया गया है। जिसमें 108 यजमान पूर्ण विधि विधान के साथ सभी नियमों का पालन करते हुए यज्ञ करेंगे। इस महायज्ञ के यज्ञ आचार्य बालकृष्ण शास्त्री महाराज ने बताया कि यह महायज्ञ पुरानी विधि विधान एवं नियमों के साथ किया जाएगा। जिसमें अरणी मंथन के द्वारा अग्नि का आवाहन किया जाएगा। उसके पश्चात ही महायज्ञ आरंभ होगा। यज्ञ आचार्य एवं यजमान दोनों ही बिना सिले हुए वस्त्र धारण करेंगे एवं सभी नियमों का पालन किया जाएगा। किसी अन्य व्यक्ति को यज्ञशाला में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यज्ञशाला के बाहर से ही सभी श्रद्धालु परिक्रमा आदि कर सकेंगे। मीडिया प्रभारी महेश खंडेलवाल ने बताया कि 19 नवंबर को प्रातः भव्य कलश यात्रा निकल जाएगी। जिसमें 108 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर चलेगी। कलश यात्रा का शुभारंभ मथुरा वृंदावन की सांसद हेमा मालिनी के द्वारा किया जाएगा।

# मनोहर शासन में मैरिट के आधार पर मिलती है सरकारी नौकरियां: नायब सैनी

**चंडीगढ़/कुरूक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने दावा किया है कि मनोहर सरकार में मैरिट और योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलती है। उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस ने सदा भ्रम फैलाकर राजनीति की है, लेकिन भाजपा की राजनीति जनहित के लिए है। मोदी-मनोहर शासन में देश और प्रदेश में गरीब कल्याण और सुशासन के लिए काम हो रहा है। उन्होंने का कि कांग्रेस की दुकान खाली हो चुकी है और अब उनकी दुकान में कोई सामान नहीं बचा है। पांच राज्यों में हो रहे चुनाव में भी कांग्रेस का सुपड़ा साफ होना तय है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी शुक्रवार को कुरूक्षेत्र की रोड़



धर्मशाला में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, विधायक सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष रवि बतान, पूर्व सांसद कैलासो सैनी सहित तमाम भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने श्री सैनी का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। कुरूक्षेत्र की 23 से ज्यादा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्री सैनी का स्वागत और सम्मान किया। नागरिक अभिनंदन समारोह में स्वागत से गदगद नायब सैनी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे कुरूक्षेत्र के लोगों का सम्मान है और इसे कभी कम नहीं होने दूंगा। सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, विधायक सुभाष सुधा और जिला अध्यक्ष रवि बतान ने भी संबोधित किया।

कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के नेता बोलते हैं कि सरकार बनने पर चार-चार डिप्टी सीएम बनाएंगे। ऐसा बोलकर वे सिर्फ लोगों को गुमराह कर रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस को कोई घास डालने वाला नहीं बचा तो इन्होंने यूपीए बनाया, जब यूपीए को जनता ने घास नहीं डाली तो अब घमंडिया गठबंधन बना लिया। उन्होंने कहा कि जैसे कपड़े बदलने से चेहरे नहीं बदलते, इनके वही चेहरे हैं जिनको जनता पसंद नहीं करती और नकार चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देश व प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व गरीब कल्याण के क्षेत्र में मोदी-मनोहर की सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्रों को मिल रहा है। युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है।

श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। मोदी सरकार की नीतियों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में धारा-370 खत्म हुई, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भाजपा सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की सराहना हर तरफ हो रही है। भाजपा सरकार में उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस व पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। भाजपा ने जनता को मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया है। आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है ।सम्मेलन में बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान हो रहा है। घर बैठे व्यक्ति को सम्मान मिल रहा है। भावांतर भरपाई योजना से किसानों की फसल का नुकसान सरकार वहन कर रही है। हरियाणा पूरे देश में सबसे ज्यादा फसलों को एमएसपी पर खरीदने वाला पहला राज्य है। आज भाजपा सरकार में हर व्यक्ति को सम्मान दिया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए तीसरी बार केंद्र में मोदी और हरियाणा में मनोहर सरकार बननी जरूरी है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने काम काम करें और लोगों को भाजपा की 9 साल की उपलिब्धयों को बताएं। श्री सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोगों का उत्साह बता रहा है कि 2024 में मोदी-मनोहर के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुत से भाजपा की सरकार बनेगी।

# 'युवाओं को योग्यता के आधार पर मिल रही नौकरियां'



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**आदमपुर के** विधायक भव्य बिश्नोई ने शुक्रवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र के बापौली खंड के गांव बहरामपुर,बापौली,पसीना खुर्द व पसीना कलां गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने संकल्प से सफलता के 9 वर्ष पूरे करते हुए जनहितकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। इस व्यवस्था परिवर्तन में सरकार ने मुश्किलों को दूर करते हुए आम आदमी तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। यही कारण है कि आज सभी योजनाओं का फायदा आमजन को सीधे तौर पर मिल रहा है। विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया और युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के योग्यता के आधार पर प्रदेश में सरकारी नौकरियां देने का काम किया। विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से उनका परिवारिक नाता है। उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री स्व.भजनलाल को करनाल क्षेत्र के लोगों ने जो मान-सम्मान दिया था उनकी कई पीढ़ियां करनाल क्षेत्र के लोगों की आभारी रहेगी। विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का पारदर्शिता से समाधान सुनिश्चित किया। इसी को लेकर सांसद और विधायक भी मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर आमजन की समस्याएं सुनने के लिए जनसंवाद कर रहे हैं। जन संवाद में प्राप्त सभी शिकायतों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और व्यवस्थाबद्ध तरीके से इनका समाधान भी करवाया जाएगा। प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का प्रदेश में व्यापक असर देखने को मिला। जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा सरकार की मनोहर योजनाएं समय पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरी मिली है। युवाओं ने अपने बलबूते पर नौकरी पाई है। यह सब सरकार की पारदर्शिता के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बजा है जिससे भारत देश की साख पूरे विश्व में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था को संभाला है जोकि हम सबके लिए गर्व की बात है, क्योंकि कोरोना काल में बड़े से बड़े देशों की अर्थव्यवस्था हिल गई लेकिन प्रधानमंत्री की सूझबूझ और देश के लोगों के धैर्य के कारण ही यह सब सम्भव हो पाया है। इस मौके पर जनसंवाद में विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के साथ आमजन का जीवन सुगम बना है। पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां मिल रही है।

# अवैध शराब मामले में अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जहरीली शराब** मामले में अंबाला पुलिस ने अभी तक मास्टरमाइंड अंकित उर्फ मोगली समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मास्टर माइंड मोगली 6 दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा है। मोगली द्वारा नाम उगलने के बाद सीआईए शहजादपुर ने करनाल के रमनदीप उर्फ दीपू और अंशुल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल की तस्करी की थी। उधर, यमुनानगर सीआईए-2 ने जहरीली शराब की 110 पेटी जलाने में शामिल गोलनी के निशांत राणा को 2 दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी है। इस मामल में अंबाला पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई खुलासे किए हैं। एसपी रंधावा ने बताया कि अंबाला में बनी अवैध शराब से यमुनानगर में और 2 लोगों की बराड़ा पुलिस थाना के एरिया में मौत हुई थी। इसमें रकळ गठित की थी। रंधावा ने कहा कि अंबाला पुलिस ने सभी आरोपियों और सप्लायर को गिरफ्तार कर लिए हैं। एसपी रंधावा ने बताया कि गांव धनौरा निवासी पुनीत खेत मालिक उत्तम सिंह का मोनू राणा गैंग के जुड़े अंकित उर्फ मोगली से संपर्क कराया था। इसके बाद उत्तम ने मोगली को अपने खेत में बनी फैक्ट्री को किराए पर दिया था। खास बात ये है कि यूपी का रहने वाला आरोपी शेखर मोगली का पुराना जानकार था। किसी को अवैध फैक्ट्री की भनक न लगे इसलिए शेखर ही प्रवीण समेत अन्य मजदूरों को हरियाणा लेकर पहुंचा था।
पुलिस ने सहारनपुर के सौरभ को 13 नवंबर को गिरफ्तार किया था। इसके पश्चात प्रिंस वालिया को गिरफ्तार किया था। आरोपी प्रिंस वालिया जहरीली शराब सप्लाई कर रहा था। 13 नवंबर को ही पुलिस ने मास्टरमाइंड अंकित उर्फ मोगली को गिरफ्तार किया था। आरोपी मोगली पहले भी शराब बनाने का काम करता रहा है। साल 2021 में भी पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री में भी मोगली का हाथ था। अंबाला में तैयार हुई जहरीली शराब ने अंबाला ही नहीं यमुनानगर में भी कहर बरपाया है। अभी तक 22 लोग दम तोड़ चुके हैं, कई लोगों की संदिग्ध मौत हो चुकी है। अंबाला पुलिस मास्टरमाइंड अंकित उर्फ मोगली को 6 दिन के रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ में जुटी है। मास्टमाइंड मोगली ने यू-ट्यूब पर शराब बनानी सीखी थी। वहीं, यमुनानगर पुलिस के मुताबिक, अंबाला से 200 पेटी नहीं, बल्कि 3 बारी में 227 पेटी सप्लाई हुई थीं। इनमें से 110 पेटी को 8 नवंबर को जहरीली शराब से मौत होने की खबर मिलने के बाद आरोपी निशांत ने खेतों में आग के हवाले कर नष्ट कर दिया था। यमुनानगर पुलिस आरोपी मांगे राम, गौरव और प्रदीप को दोबारा 2 दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### रोटरी क्लब ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**रोटरी क्लब** अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा फारुका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला छावनी के सभागार में राष्ट्र निर्माण में अध्यापकों के योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सरदार आज्ञापाल सिंह, , प्रधानाध्यापक सरदार के पी सिंह, शिक्षिका श्रीमती रणधीर कौर एवं शिक्षक श्री अभिषेक बग्गा को 'राष्ट्र निमार्ता' अलंकरण से सम्मानित किया गया। सभी का स्वागत करते हुए क्लब के पूर्व प्रधान रोटेरियन ओम बनमली ने अपने संबोधन में राष्ट्र के निर्माण में गुरुओं एवं अध्यापकों की भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान रोटेरियन राजकुमार शर्मा ने रोटरी इंटरनेशनल द्वारा विश्व स्तर पर रोटरी इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे पोलियो उन्मूलन तथा उपेक्षित वर्ग की बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रकल्पों की सूचना दी । उन्होंने क्लब द्वारा स्थानीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रकल्पों की जानकारी दी तथा बताया कि हर साल अपने दायित्व का समर्पण भाव से निर्वाह करने वाले अध्यापकों को क्लब द्वारा 'राष्ट्र निर्माण का अलंकरण प्रदान करके सम्मानित किया जाता है और इसी कड़ी में आज विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया है ।विद्यालय की ओर से सरदार केपी सिंह ने क्लब द्वारा किए जा रहे हैं समाजसेवी प्रकल्पों के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसा प्रकल्प किए जाने की अनुरोध किया जिसके प्रति क्लब प्रधान ने भविष्य में विभिन्न प्रकल्प किए जाने के बारे में आशवस्त किया।

### सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं होंगी सम्मानितः उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल गर्ल चाइल्ड डे के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को सम्मनित किया जाएगा। इसके लिए पात्र बालिकाएं अपने नाम दस्तावेजों सहित परफॉर्मा भरकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में 24 नवंबर तक जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि सम्मानित होने वाली बालिकाओं की उम्र 18 वर्ष से कम होनी चाहिए व जिन्होंने राज्य स्तर पर सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं साहित्य में कार्य किया हुआ होना चाहिए।

### नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 नवम्बर तक चलेगा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलाः उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेंद्र कमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरु हो चुका है जो 27 नवम्बर तक चलेगा। इस व्यापार मेले का विषय वसुधैव कुटुम्बकम है, जो सतत विकास और समृद्धि के लिए व्यापार-क्षेत्र में आपसी संपर्क और सहयोग पर जोर देता है।
उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 14 दिनों तक चलने वाले इस व्यापार मेले में देश-विदेश के व्यवसायी भाग लेंते और अपनी सामग्री प्रदर्शित करते हैं। मेले में अन्य प्रदेश का भी भांति प्रदेश का पंडाल भी लगाया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि मेले में पहुंचकर दर्शक पूरे प्रदेश की प्रगति का अवलोकन करने के अलावा बेहतरीन उत्पादों की खरीददारी कर सकते हैं।

# पॉलटेक्निक कॉलेज में रोजगार को लेकर सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे वेव अवरसीज व यूरो पोर्टल जर्मन द्वारा' भारत और विदेश मे रोजगार के अवसर ' विषय पर सैमिनार का आयोजन किया गया । सैमिनार मे वेव आवरसीज के निदेशक श्री अतुल आहूजा ने विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया । उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि यह 3 वर्षीय डिप्लोमा करने के बाद वह किस तरह से किस किस क्षेत्र मे अपना कैरियर बना सकते है । उन्होने विद्यार्थियो को साक्षात्कार संबधी बहुमुल्य जानकारी भी दी । उन्होने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि उनमे आत्मविश्वास का होना सबसे जरूरी है अगर उनमे आत्मविश्वास है तो वह कोई भी कार्य बिना किसी रुकावट के कर सकते है। उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि जर्मन मे उनके लिए विशेष रोजगार के अवसर उपलब्ध है । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा.राजीव सपरा जी ने वेव आवरसीज की पुरी टीम का धन्यावाद किया । इस अवसर पर यूरो पोर्टल जर्मन से श्री उमेश कुमार ,श्री प्रसाद व श्री अशोक कुमार व संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी श्री रोशन लाल,हितेश गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे

# साइबर क्राइमः छात्रों को जागरूक किया



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन आई.बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में एस. एच.ओ. मॉडल टाउन रेखा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए बताया कि साइबर क्राइम और छेड़-छाड़ जैसे अपराधों से बचे।एस. एच.ओ. रेखा जी ने बताया कि कैसे सावधान रहकर लड़कियां अपने ऊपर होने वाले अत्याचार या सोसाइटी में बढ़ते क्राइम को रोकने में योगदान दे सकती है। ऐसा करने पर उनकी पहचान भी पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल करने पर वह कभी भी खुद को मुसीबत में पड़ने से बचा सकती हैं अंत में उन्होंने बच्चों को आने वाली परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी व हमेशा सजग रहने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में डॉ. पूनम मदान, डॉ. नेहा पूनिया, डॉ. भगवंत कौर एवं डॉ. मोनिका सोनी उपस्थित रहे

# मां से नाराज होकर घर से निकली युवती उत्तराखंड से मिली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी में अपनी मां की डांट से नराज होकर घर से निकली। उत्तर प्रदेश में रेलवे पुलिस ने युवती को ट्रेन से रेस्क्यू करके वापस ट्रेन में बैठा अंबाला छावनी रवाना कर दिया, लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि ट्रेन से ही युवती को किडनैप कर लिया गया।
युवती के परिजनों के अनुसार उनकी बेटी अंबाला कैंट से ट्रेन में बैठ शाहजहांपुर (यूपी) पहुंची। यहां रेलवे पुलिस ने 30 अक्टूबर को रेस्क्यू किया और उनसे बात कराने के बाद बेटी को अंबाला कैंट के लिए ट्रेन में बैठा दिया। शाम साढ़े 4 बजे तक उनकी अपनी बेटी से बात हुई। बेटी ने बताया था कि ट्रेन में ज्यादा भीड़ थी, एक व्यक्ति ने उसकी बेटी को सीट दी और उसके बाद बेटी का मोबाइल बंद हो गया। बलविंदर ने बताया कि तस्करों ने उसकी बेटी को ट्रेन से ही किडनैप करके काशीपुर स्टेशन (उत्तराखंड) पर उतार लिया। शक होने पर उन्होंने अंबाला पुलिस को सूचित किया। पुलिस को लास्ट लोकेशन बाजपुर की मिली। परिजन 2 गाड़ियों में बेटी को सर्च करने के लिए बाजपुर (उत्तराखंड) पहुंचे। यहां तलाश करने में 2-3 दिन तक भटकते रहे। परिजनों का आरोप है कि इन तीनों युवतियों को बेचने की तैयारी चल रही थी। 3 नवंबर की शाम को परिजनों को युवती मिल गई थी। सीआईए-2 ने मानव तस्करी के मामले में उत्तराखंड के गांव नंदपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर निवासी नजीम अली को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में सीआईए पहले 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# विधायक रामकुमार कश्यप 19 को करेंगे जनसंवाद

**सोनीपतः इंद्री से** विधायक रामकुमार कश्यप 19 नवंबर को विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे।
इस दौरान विधायक प्रातः 10:00 बजे गांव ताजपुर, प्रातः 11:00 बजे टिकोला, दोपहर 12:00 बजे झुण्डपुर, दोपहर बाद 01:30 बजे जगदीशपुर तथा दोपहर बाद 02:30 बजे गांव पबसेरा में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने दी।

# डीपीएस के विद्यार्थियों को फैशन शो में मिला प्रथम पुरस्कार

## विद्यार्थियों ने प्लास्टिक और बॉडी पेंट से बने कपड़े पहन कर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**सोनीपत स्थित** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सोनीपत के ऋषिहुड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किए गए फैशन शो में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। यह फैशन शो "शैली, शक्ति और सामर्थ्य" थीम पर आधारित था और इसमें देश भर से 80 लोगों ने हिस्सा लिया था। थीम पर चलते हुए, विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल दिखाते हुए प्लास्टिक से बने कचरे के बैग और बॉडी पेंट से अपने खुद के कपड़े डिजाइन किए और उन्हें तैयार किया। उनके कपड़े स्टाइलिश थे और सोचने पर मजबूर करने वाले थे। इसके जरिए, एक तरह से दर्शकों को टिकाऊ और लंबे समय तक चलने वाले फैशन की संभावनाओं के बारे में सोचने के लिए चुनौती दी गई थी। यह फैशन शो डीपीएस सोनीपत के विद्यार्थियों के लिए अपने फैशन डिजाइनिंग और मॉडलिंग कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर था। इससे विद्यार्थियों को फैशन इंडस्ट्री के बारे में ज्यादा सीखने और समझने में भी मदद मिली। नीचे दिए गए डीपीएस सोनीपत फैशन शो में जीतने वाले विद्यार्थियों में हाना,सना,शिवांश,युवराज,कुशल दीप, नैया,जाह्नवी, श्रेया, प्रीत, रिया, वैभव, अर्जुन, हर्ष, वर्णिका रहे। इस उपलब्धि पर बोलते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सोनीपत की प्रिंसिपल, रोमिता शर्मा ने कहा, हमें अपने उन विद्यार्थियों पर गर्व है जिन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और इस कार्यक्रम के जरिए दीर्घकालिकता का संदेश दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में, हम हमेशा विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक स्वतंत्रता का पता लगाने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच देते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

# त्योहारी सीजन में रेलवे ने चलाई 1700 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** मण्डल रेल प्रबंधक मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि त्यौहारों के दिनों में रेलगाड़ियों में भीड़ अधिक होने के कारण भी ऐसे में फेस्टिवल स्पेशल भी चलाई गई जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल ने त्यौहारो को देखते हुए लगभग 1700 रेल गड़िया चलाई है जिससे दिपावली, छट पूजा आदि में लोग अपने गणतव्य तक आसानी से पहुंच सकें।
उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला रेलवे स्टेशन का करोड़ो रुपए की लागत से नवीनिकरण किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। एक रिपोर्ट भी तैयार की गई है। वल्ड क्लास अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन के लिए 272.8 करोड़ की लागत से इसका नवीनिकरण की रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि छावनी रेलवे स्टेशन से रोजाना 44 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारा प्रमुख कर्तव्य है। इसी को लेकर हम अनेक योजनाएं भी बना रहे हैं। रेल विभाग द्वारा अजमेर से चण्डीगढ़ तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी। इस गाड़ी के ठहराव की मंजूरी रेल मंत्रालय से मिल चुकी है। जल्द ही यह शुरू होगी। आज अंबाला छावनी में आयोजित पत्रकारवार्ता में अंबाला मण्डल रेल प्रबंधक मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि यह वंदे भारत पहले अजमेर से दिल्ली तक चलती थी। अब इसको विस्तारित करते हुए अंबाला होते हुए चण्डीगढ़ तक पहुंचाया जाएगा। चण्डीगढ़ पहुंचने पर इसका समय 2 बजकर 45 मिनट होगा तथा उसके बाद यह चण्डीगढ़ से 3 बजकर 15 मिनट पर वापिस अंबाला छावनी दिल्ली होते हुए अजमेर पहुंचेगी। उन्होने यह भी बताया कि रेल मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन भी हो चुका है। अभी लोकल नोटिफिकेशन एक सप्ताह के भीतर होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि कालका शिमला रूट पर बरसात के दौरान 330 स्थानों पर ट्रैक के पर मलबा अथवा क्षति हुई थी। ब्रीज नंबर 800 पूरी तरह से प्रभावित हुआ था। इसे रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया। उन्होनें बताया कि कर्मचारियों की इस कुश्लता को लेकर अंबाला मण्डल को रेल प्रबंधक ने 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया।

# विभिन्न निर्मल चौधरी ने जनसंवाद में सुनीं जनसमस्याएं

## प्रतिनिधि के तौर पर गांव में जनसंवाद कर लोगों से रूबरू होने के लिए आई



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**गन्नौर** विधानसभा की विधायक निर्मल चौधरी ने शुक्रवार को समालखा खंड के विभिन्न गांवों में जनसंवाद के तहत लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें संबोधित भी किया।
विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के दिशा निर्देश पर वे उनके प्रतिनिधि के तौर पर गांव में जनसंवाद कर लोगों से रूबरू होने के लिए आई हैं। मुख्यमंत्री ने यह जिम्मेदारी दी है कि लोगों के बीच में जाकर सीधा संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी मांगों का पूरा विवरण मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें।
उन्होंने कहा कि सभी मांगों व समस्याओं को हल किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं व्यक्तित्व रुचि लेकर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं और प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की तकलीफ को जानते हैं। आज जिस तरह से आमजन के लिए बनाई गई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है उनसे लोगों में सुरक्षा की भावना बनी है। आयुष्मान कार्ड से लेकर मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। आज मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही है और बिना पर्ची खर्ची के लोग अपनी मेहनत के बल पर युवा नौकरी ले रहे हैं। विधायक निर्मल चौधरी ने लोगों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल संरक्षण की पहल को भी आगे बचाएं और पानी की एक बूंद को बचाएं। क्योंकि जल को देवता के समान माना गया है। हम सबको प्राकृतिक संसाधनों को बचाकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे और ज्यादा से ज्यादा पानी को भी बचाना होगा, तब कहीं जाकर हम आने वाले पीढ़ी को अच्छा वातावरण और जल दे पाएंगे।

# स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रदर्शन कल

**टीम एक्शन इंडिया/इन्द्रजीत सिंह**
**नारनौल।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठन एआईयूटीयूसी व स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर जिला भर की स्कीम वर्कर्स 19 नवम्बर को अपनी मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नारनौल में एकत्रित होकर जुलूस के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री के कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस आश्य की जानकारी देते हुए स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष कृष्णा देवी ने देते हुए बताया कि इस प्रदर्शन में आशा कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा एवं मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा के बैनर तले भारी संख्या में जिला की स्कीम कर्मी हिस्सा लेंगी। सभी स्कीम कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए।न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रति माह लागू किया जाए। रिटायरमेंट की उम्र 65 साल की जाए। मानदेय का भुगतान हर माह की 7 तारीख तक किया जाए। आशा कर्मियों की मांगों को माना जाए। आंगनवाड़ी कर्मियों की हड़ताल के दौरान वेतन में से जबरन की गई 75 प्रतिशत की कटौती का भुगतान किया जाए।

# लाल बाग में 20 बुजुर्गों में बांटी गई व्हीलचेयर







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के लाल बाग इलाके में लाल बाग जनकल्याण रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 60 साल के ऊपर के बुजुर्ग को जो चलने में असमर्थ थे। ऐसे 20 बुजुर्गों को लाल बाग सेवा भारती के पास आरडब्ल्यूए पदाधिकारी द्वारा व्हीलचेयर का वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सचिव रिंकू माथुर, उपाध्यक्ष हरिशंकर बाबू, सह सचिव लाल बाबू, शिकायत प्रकोष्ठ अनिल यादव, महिला अध्यक्ष ललिता सरोज, सह कोषाध्यक्ष पिंकू माथुर, महिला उपाध्यक्ष ममता, शिक्षा विभाग पिंटू, सुशील मिश्रा, संजय गर्ग, सुभाष देव, उमेश कुमार, जाहिद, सोनू, दीपक, सुमन, कालीचरण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंदों की दिल खोलकर सहायता करनी चाहिए। आज 20 बुजुर्गों में व्हीलचेयर का वितरण कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। गरीबों की मदद करना पुण्य का कार्य है, इसलिए मैं सम्पन्न लोगों से अपील करना चाहता हूं कि सभी गरीबों की सहायता करें।



प्रदूषण से राहत के लिये संगम पार्क वार्ड में जल छिड़काव करवाते हुए संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोटी व भाजपा कार्यकर्ता।

## 'छठ महापर्व करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल चाइल्ड** एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट बरवाला दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने यमुना में फैले जहरीले झाग के मद्देनजर दिल्ली में छठ पूजा के लिए यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए हरियाणा सरकार को तत्काल आदेश देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को एक्स पर पोस्ट करके उनसे अनुरोध किया है। वत्स ने कहा कि छठ महापर्व करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है।

## 'कमेटी द्वारा इलाके की संगत को दी जा रही सुविधाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने पीतमपुरा क्षेत्र में गुरुद्वारा साध संगत सैनिक विहार में 36 किलोवाट की क्षमता वाले सोलर प्लांट का उद्घाटन किया।
इस अवसर पर सरदार हरमीत सिंह कालका ने स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरदार बलजीत सिंह मारवाह के नेतृत्व में कमेटी द्वारा 36 केवी सोलर यूनिट लगाने से गुरुद्वारा साहिब पर खर्चे का बोझ कम होगा। कमेटी द्वारा संगत के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवा, चिकित्सा सुविधा एवं पुस्तकालय की स्थापना करना भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है जिसकी



जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कमेटी जो कार्य कर रही है वह सभी संगत के सामने हैं।
इस मौके पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के धर्म प्रचार विंग के अध्यक्ष सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कि वर्तमान समय में फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया एप्स के चलते बच्चे किताबों से दूर हो गए हैं इसलिए कमेटी द्वारा भाई गुरदास जी के नाम पर पुस्तकालय स्थापित करना एक सराहनीय प्रयास है जहां बच्चों को इतिहास पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इस मौके पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य सरदार एमपीएस चड्ढा ने भी गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान कमेटी द्वारा इलाके की सिंह सभाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया। नजीत कौर, सविंदर सिंह कोहली, राणा के.एफ.सी, रमिंदर सिंह चड्ढा, गुरजीत कौर नीलांबर, निरंजन सिंह चावला, जगदीप सिंह चड्ढा व अन्य मौजूद रहे।

## 'एक शाम साहित्य के नाम' कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वसुंधरा** इलाके में नारायणी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में एक बेहतरीन काव्यात्मक अभिव्यक्ति एवं गद्यात्मक चर्चा देश, देशवासी एवं राजनीतिक लोगों के संदर्भ में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें लंदन से आई हुई वरिष्ठ साहित्यकार अरुणा सब्बरवाल मुख्य अतिथि रहीं। शिल्पी स्मृति न्यास की अध्यक्षा एवं वरिष्ठ साहित्यकार सविता चड्ढा श्रेष्ठ अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथि शन्नो श्रीवास्तव एवं प्रेम विद्या सांस्कृतिक न्यास कल्पना रहीं और एक युवा समीक्षक भावना गौड़ समीक्षा मौजूद रहीं।



वरिष्ठ कवि प्रदीप मिश्र अजनबी की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया।
नारायणी साहित्य अकादमी के उत्तर-प्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय समन्वयक प्रदीप मिश्र अजनबी के आदेशानुसार डा कल्पना पांडे नवग्रह के कुशल संचालन में बहुत ही सुंदर साहित्यिक आयोजन किया गया और वरिष्ठ साहित्यकार एवं अकादमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.पुष्पा सिंह विसेन की उपस्थिति में यह आयोजन किया गया। साहित्यिक पत्रिका प्रवर्तना की लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा इस समारोह में किया गया। साहित्यकार समाज का वह व्यक्ति होता है जो अपने राष्ट्र भाषा के वर्चस्व के लिए जीवन भर समर्पित रहता है। आज यहां हिंदी, पंजाबी, भोजपुरी आदि में वार्ता एवं काव्य पाठ किया गया।
सभी ने बहुत ही सुंदर-सुंदर अपनी प्रतिनिधि रचनाएं सुनाई।
चाय के साथ समापन की ओर अग्रसर होते हुए अध्यक्ष महोदय के द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।
सभी ने एक दूसरे से विदा ली और संकल्प भी कि हम सभी मासिक गोष्ठी के द्वारा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए देश के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे।



छठ घाट का जायजा लेते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा व अन्य।

## सम्मेलन में दिया गया भाषण एक हास्यास्पद भाषण: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली भाजपा अध्यक्ष** वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उनकी पार्टी के सम्मेलन में दिया गया भाषण एक हास्यास्पद भाषण है और आधे खाली सम्मेलन स्टेडियम और उपस्थित लोगों के बीच उत्साह की कमी से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल का अपनी पार्टी कैडर से संपर्क टूट गया है।
दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली के लोगों को सीएम केजरीवाल का यह दावा एक बड़ा मजाक लगा है कि आम आदमी पार्टी सबसे तेजी से बढ़ने वाली है।

## रानी बाग में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहें हैं लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 स्थित रानी बाग में काफी लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो होने से इलाके के अधिकांश गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है। जिसके कारण राहगीरों को यहां से निकलना मुश्किल हो रहा है। बच्चों व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। राहगीर अक्सर यहां से निकलते समय फिसलकर गिर जाते हैं।
**खानापूर्ति के लिए होती हैं सफाई:** लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी सीवर लाइन जाम होने पर सैंकडों शिकायत के बाद आते हैं, वो भी सफाई के नाम पर खानापूर्ति करके चले जाते हैं, नतीजन कुछ दिन बाद फिर से



समस्या खड़ी हो जाती है।
**क्या कहते हैं स्थानीय लोग:** बलराम चावला (मैत्री आरडब्ल्यूए) का कहना है कि 1978 में पूरे क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाई गई थी, उसके बाद से आज तक सीवर लाइन फिर से नहीं डाली गई हैं, जो कि अब काफी पुरानी भी हो चुकी हैं, जो कि पुरानी लाइन होने के चलते समय-समय पर मरम्मत भी मांगती हैं, लेकिन प्रशासन इस और ध्यान देने को कतई भी तैयार नहीं हैं।
**ईश भाटिया** (स्थानीय निवासी): पुरानी सीवर लाइन होने के चलते आए दिन ओवरफ्लो रहती हैं, इसी के चलते सीवर के पानी की बदबू से आस-पास के लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। हमने मामले में कई बार विधायक व दिल्ली जल बोर्ड से शिकायत की थी लेकिन हमारी इस समस्या की ओर प्रशासन लापरवाह रवैया अपना रहा हैं।
**आशुतोष द्विवेदी (स्थानीय निवासी):** सीवरेज की समस्या कोई नई नहीं है, सालों से यहां के लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या झेल रहे हैं। आए दिन जल भराव को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तरों के चक्कर काटने पडते हैं। ओवरफ्लो के चलते गलियों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सीवर ओवरफ्लो का स्थाई समाधान किया जाना चाहिए।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के जन्मदिवस पर भव्य युवा कवि सम्मेलन संपन्न





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय कवि संगम** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के जन्मदिवस के अवसर पर टेकनिया इंस्टीट्यूट, रोहिणी के सभागार में भव्य युवा कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भाँति आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से चयनित बारह युवा कवि-कवयित्रियों ने सराहनीय और प्रभावी काव्य पाठ कर सबका मन मोह लिया। माता सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम के प्रथम चरण में ओज के वरिष्ठ कवि डॉ. हरिओम पवार, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कॉन्टिनेंटल ग्रुप के चेयरमैन श्याम सुंदर अग्रवाल, अग्रवाल पैकर्स मूवर्स लिमिटेड के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, म. अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. नंदकिशोर गर्ग, म. अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनीत गुप्ता, अग्रसेन इंटरनेशनल हॉस्पिटल के अध्यक्ष ज्ञान अग्रवाल, राष्ट्रीय कवि संगम के वित्त-सलाहकार संजीव गोयल, दिल्ली भाजपा कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, विश्व-विख्यात जादूगर सम्राट शंकर, राष्ट्रीय कवि संगम की ट्रस्टी सावित्री मलिक, महामंत्री डॉ अशोक बत्रा, सह महामंत्री महेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सलाहकार राजेश चेतन एवं अनिल अग्रवंशी, कोषाध्यक्ष ईश्वर मित्तल, वित्त सचिव अश्विनी अग्रवाल, राष्ट्रीय मंत्री योगेंद्र शर्मा व सुदीप भोला, दिल्ली प्रदेश के संरक्षक प्रवीण शुक्ला, रसिक गुप्ता एवं विनोद मंगला, अध्यक्ष भुवनेश सिंगल, महामंत्री पी.के. आजाद, कोषाध्यक्ष तपस अग्रवाल, दिल्ली विश्व विद्यालय संयोजक धरम सिंह सहित अनेक प्रतिष्ठित विभूतियों ने जगदीश मित्तल को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, मंगलमय, समाजोपयोगी, दीघार्यु जीवन हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की। राष्ट्रीय संरक्षक स्वामी चिदानंद जी सरस्वती, परमाध्यक्ष परमार्थ-निकेतन ऋषिकेश द्वारा अपने संदेश





में राष्ट्रीय कवि संगम के कार्यों एवं 'संत जगदीश परमार्थी' की बातें करते हुए जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ तथा बधाई प्रेषित कर पर्यावरण रक्षा हेतु राष्ट्रीय कवि संगम के कार्यक्रमों में वृक्षारोपण हेतु मार्गदर्शक सुझाव दिए। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने मित्तल के कार्य को राष्ट्रीय जागरण की श्रृंखला हेतु महत्वपूर्ण बताते हुए देश का नाम इंडिया के बदले भारत होने का वातावरण बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और अपनी ओर से राष्ट्रीय कवि संगम के कार्यों में हर संभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया। डॉ. हरिओम पवार ने उन्हें संत जगदीश परमार्थी के नाम से संबोधित किए जाने की पूर्व-घोषणा को दोहराते हुए कहा कि कवि न होते हुए भी कविता के माध्यम से राष्ट्र-जागरण का कार्य तथा विशेष रूप से नवोदित कवियों के लिए अवसर प्रदान करने का जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। रमेश अग्रवाल ने अपने संस्मरण बताते हुए जगदीश मित्तल के संरक्षण को अपनी व्यक्तिगत प्रगति का आधार बताया तथा राष्ट्रीय कवि संगम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. नंदकिशोर गर्ग द्वारा राष्ट्रीय कवि संगम के कार्य को राष्ट्र के उत्थान हेतु आवश्यक एवं उपयोगी बताते हुए हर संभव योगदान देते रहने का वचन दोहराया। विश्व-विभाग के प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री सुदीप भोला ने अपनी वर्तमान उपलब्धियों का श्रेय मित्तल जी को देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम का कार्य विश्व के बाइस देशों में चल रहा है तथा अन्य देशों में भी विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर जादूगर सम्राट शंकर द्वारा अपनी जादू-कला का प्रदर्शन भी मंच पर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा रमेश अग्रवाल, संस्थापक ट्रस्टी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आयोजित युवा कवियों का कवि सम्मेलन (दस्तक नई पीढ़ी की) संपन्न हुआ, जिसमें रायपुर छत्तीसगढ़ से इशान शर्मा, फरीदाबाद हरियाणा से पुनीत पांचाल, पीलीभीत ब्रज से सरोज सरगम, दिल्ली से प्रशांत गुप्ता, कटक उड़ीसा से निहारिका सिंघी, बांदा बुंदेलखंड से सौम्या श्रीवास्तव, लोहरदगा झारखंड से आकाश गिरी, प्रयागराज से राष्ट्रीय कवि संगम काशी प्रांत के अध्यक्ष अटल नारायण, रीवा विन्ध्य से आशीष तिवारी, इंदौर मालवा से गोपाल गर्वित, बेगुसराय बिहार से निलेश नित्य और नाथद्वारा राजस्थान से गौरव पालीवाल द्वारा प्रभावी, संदेश परक और राष्ट्र जागरण धर्म हमारा की भावना पर आधारित काव्य पाठ किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिल्ली के दास आरुही आनंद को इस वर्ष के 'जगदीश मित्तल काव्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
लगभग पाँच घंटे तक चले इस कार्यक्रम में दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में तालियाँ गूँजती रही और सभी उपस्थित लोगों ने इस अभूतपूर्व कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

# समाजसेवी स्वर्गीय अतुल कृष्ण बंसल की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** सामजसेवी स्वर्गीय अतुल कृष्ण बंसल की याद में हर बार की तरह इस बार भी पृथला ततारपुर इंडस्ट्रियल एरिया में डी डेवलपर्स इंजीनियर्स लिमिटेड कंपनी में अतुल कृष्ण बंसल फॉउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में रोटरी क्लब फरीदाबाद अर्थ का विशेष सहयोग रहा। डी डेवलपर्स इंजीनियर्स लिमिटेड के चेयरमैन कृष्ण बंसल के स्वर्गीय बेटे अतुल कृष्ण बंसल की याद में हर साल उनके जन्मदिवस के अवसर पर इस तरह के रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस रक्तदान शिविर में 76 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित हुआ। आज इस रक्तदान शिविर में शहर के कई गणमान्य लोगो ने भाग लिया जिसमे निधि अग्रवाल, योगेश अग्रवाल , शिखा बंसल उद्योगपति धीरज भूटानी, उद्योगपति और रोटेरियन एच एल भूटानी, रोटेरियन दीपक प्रसाद , सीमा गर्ग ,गौरव अरोड़ा और रोटरी क्लब फरीदाबाद अर्थ की और से प्रेसिडेंट रोटेरियन अमित गर्ग ,सेक्रेटरी रेखा अरोड़ा ट्रेजरर रोटेरियन कनिष्क छाबड़ा सहित कई रक्दाताओं ने इस कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस मौके पर डी डेवलपर्स इंजीनियर्स लिमिटेड के चेयरमैन कृष्ण बंसल ने कहा की उनके बेटे स्वर्गीय अतुल कृष्ण बंसल की याद में हर साल इसी तरह हम लोग रक्तदान शिविर लगाते है। इस शिविर को लगाने का मकसद केवल यह है की यह रक्त किसी जरूरमंद को आसानी से मिल सके और किसी परिवार के सदस्य की जान बच सके , रोटरी ब्लड बैंक इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। कोई भी जरूरतमंद बड़े ही आसानी से बैंक से रक्त ले सकता है। उद्योगपति और रोटेरियन एच एल भूटानी ने कहा की अतुल कृष्ण बंसल फॉउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करना अपने आप में बहुत बड़ा पुनीत कार्य है। डी डेवलपर्स इंजीनियर्स लिमिटेड के चेयरमैन कृष्ण बंसल के स्वर्गीय बेटे अतुल कृष्ण बंसल खुद भी काफी समजसेवा से जुड़े और नेकदिल इंसान थे, और रोटरी के विभिन्न समाजसेवा से जुड़े कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। अब जब की वो हम सब के बीच नहीं है लेकिन हर साल उनके जन्मदिवस पर विशाल रक्तदान का आयोजन कम्पनी में किया जाता है। स्वर्गीय अतुल कृष्ण बंसल की पत्नी शिखा बंसल ने कहा की हमें समाज में कभी भी कही पर भी जब भी मौका मिले निष्काम भाव से सेवा करनी चाहियें।

# प्रदूषण फैलाने वालों के लिए कार्रवाई, 1087 वाहनों के किए चालान: डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा प्रदूषण फैलाने वाले 1087 वाहनों के चालान किए गए हैं और बंद के बावजूद चलने वाले बीएस-3 व बीएस-4 श्रेणी के 69 वाहनों को इंपाउंड कर दिया गया है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि एक अक्टूबर से विशेष टीमें गठित कर प्रदूषण नियंत्रण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत रूप से लोग सडकों पर वाहनों को खड़ा कर देते हैं। इसके जाम की समस्या उत्पन्न होती है और प्रदूषण फैलता है। इसके लिए जिला फरीदाबाद में पुलिस विभाग द्वारा 9421 वाहनों के अनाधिकृत पार्किंग के चालान किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिला में पाबंदी के बावजूद चल रहे दो डीजल जनरेटरों को सीज किया गया है। इसके साथ ही चार ऐसी साईट मिली हैं जहां खुले में निर्माण सामग्री रखी गई थी। इन चारों साईटों के मालिकों पर चार लाख रुपये जुमार्ना किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत सुराजकुंड, महिला थाना एनआईटी पुलिस और सीनियर सिटीजन सेल की टीम ने दयालबाग क्षेत्र में प्रवासी कामगारों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत सूरजकुंड थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर, महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सविता, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर माया तथा पुलिस चौकी दयालबाग प्रभारी उमेद सिंह व उनकी टीम ने दयालबाग क्षेत्र में रह रहे प्रवासी कामगारों को नशा व उसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीम दयालबाग एरिया पहुंची जहां उन्होंने प्रवासी कामगारों सहित आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। आमजन को नशे से बचने के लिए जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि नशा किसी भी अपराध का प्राथमिक कारण होता है। जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस जाता है उसे नशा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है और जब उसके पास पैसे खत्म हो जाते हैं तो वह चोरी चकारी, लूट, डकैती इत्यादि वारदातों में शामिल हो जाता है। एक बार जब व्यक्ति लूट या डकैती की वारदात को अंजाम दे देता है तो वह इस प्रकार की वारदातों में लगातार शामिल रहने लगता है। इससे आगे चलते चलते कई बार उसके हाथों से किसी निर्दोष व्यक्ति की हत्या भी हो जाती है इसलिए एक नशे के कारण एक सीधा साधा इंसान हत्यारोपी बन जाता है। यह नशे के दुष्परिणाम है जिसके चलते इंसान की जिंदगी तबाह हो जाती है। इतना ही नहीं उसके साथ-साथ उसके परिवार में भी बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं उनके घर में लड़ाई झगड़ा रहने लगता है और उसके परिजन घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं। सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि नशे को जड़ से मिटाएं तथा अपने और अपने साथियों को इस से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

### क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने 2 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अरुण है जो फरीदाबाद के खेड़ी कला गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम में गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी गली में खड़ा होकर लोगों को शराब बेच रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा कि आरोपी एक कट्टे में शराब लेकर खड़ा है और बेचने की फिराक में है। पुलिस ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया और उसके कब्जे से करीब दो पेटी देसी शराब मस्ताना बरामद की। आरोपी को बीपीटीपी थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी टैक्सी चलाने का काम करता है और पैसों के लालच में इधर-उधर से

## डेढ किलो से अधिक गांजे के साथ महिला पकडी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
नशे के अवैध कारोबार में महिलाओं की संलिप्तता कभी चौंकाने वाली होती थी। मथुरा में अब पुलिस गाहे बगाहे इस कारोबार में संलिप्त महिलाओं पर कार्यवाही करती रहती है और यह सब लोगों को चौंकाता नहीं है। प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार संजीव कुमार दुवे ने बताया कि गांव किनारई को जाने वाले मोड़ से एक महिला को डेढ किलो से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। महिला के पास से 1830 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

# मिशन कर्मयोगी हरियाणा का उद्देश्य नैतिक शासन को विकसित करना है

**अभूतपूर्व पहल**

**8 एमकेएच कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एक अभूतपूर्व पहल: चंद्रलेखा मुखर्जी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लांच किया गया मिशन कर्मयोगी हरियाणा (एमकेएच) राज्य सरकार के करीब 3 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक अभूतपूर्व पहल है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों और हितधारकों को शासन में नैतिक व्यवहार के महत्व पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमकेएच कार्यक्रम हब-एंड-स्पोक मॉडल को अपनाएगा। हरियाणा सरकार के अनुभवी अधिकारियों से मास्टर ट्रेनर के रूप में काम लिया जाएगा। पहले ये मास्टर ट्रेनर खुद हिपा, हरियाणा पुलिस अकादमी और डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर पंचकूला में गहन प्रशिक्षण से गुजरेंगे। हिपा की महानिदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी ने आज शुक्रवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश जिला उपायुक्तों तथा जिलों में मिशन कर्मयोगी हरियाणा के सभी नोडल अधिकारीयों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारीयों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य नैतिक शासन को विकसित करना और सरकारी कर्मचारियों के कौशल और दक्षताओं को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य हरियाणा के नागरिकों को ठोस लाभ पहुँचाते हुए सार्वजनिक सेवा वितरण और जवाबदेही को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आपस में ज्ञान साझा करने और सीखने की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा अधिकारियों और प्रशिक्षुओं के साथ अपने मूल्यवान अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सुशासन पुरस्कारों के लिए उम्मीदवारों को नामांकित करते समय युवा अधिकारियों द्वारा राज्य की प्रमुख योजनाओं को लागू करने में दिए गए असाधारण योगदान पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में फरीदाबाद के नगराधीश हरी राम उपस्थित रहे व उन्होंने सभी विभाग के अधिकारीयों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए जिला में 22 नवंबर से शुरू इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि ह्यमिशन कर्मयोगी हरियाणाह्लकार्यक्रम से राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों और हितधारकों को शासन में नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आयोजित कैंप में समुदाय के 150 लोगों ने लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रांसजेंडर समुदाय के 150 से ज्यादा लोगों ने भाग लेकर सारकार की अलग-अलग योजनाओं व सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

इस विशेष कैंप के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए एक ही स्थान पर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए लोन देने की सुविधा, जिन लोगों के परिवार पहचान पत्र तथा आधार कार्ड नहीं बने हैं या उनमें किसी प्रकार की त्रुटी है, तो उसके के लिए भी यूआईडीएआई तथा पीपीपी के ऑपरेटरों की टीम के माध्यम से इन त्रुटियों को दूर करने के लिए आवेदन कराया गया।

## छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी को दो टीमें लगाई

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
सुरीर कोतवाली क्षेत्र में स्कूल जाते समय एक छात्रा को घर में खींचकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप का मामला प्रकाश में आया था। जहां परिजनों ने एक नामजद समेत चार लड़कों के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसएसपी ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया है। जिनकी तलाश में पुलिस की दो टीमें जुटी हुई हैं। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों व क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी नाबालिग पुत्री सुरीर क्षेत्र के एक इंटर कालेज की छात्रा है।

# विद्यार्थियों ने विवाद को समझौते के माध्यम से विधिक तरीके से निपटाने के गुर सिखे



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
लिंग्याज विद्यापीठ के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रथम अंतर-महाविद्यालय कृत्रिम लोक अदालत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हेड ऑफ द स्कूल प्रोफेसर (डॉ.) मोनिका रस्तोगी ने बताया कि यह कार्यक्रम चांसलर डॉ. पिचेश्वर गड्डे एवं प्रो. चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) एम. के. सोनी के मार्गदर्शन में करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विधि विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोक अदालत और उसमें अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से जाना कि किस प्रकार अदालतों के बाहर किसी विवाद को समझौते के माध्यम से विधिक तरीके से निपटाया जाता है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में दया चंद धनकर (सीनियर एडवोकेट), आर. पी. नागर (सीनियर एडवोकेट), कुमुद सचदेवा (एडवोकेट) तथा मंजू कुमारी (अस्सिटेंट प्रोफेसर डीजीआईएम कॉलेज) शामिल थे।

कार्यक्रम की सफलता पर रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सलवान और अकैडमिक डीन प्रोफेसर (डॉ.) सीमा बुशरा ने विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करवाते रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंजली दीक्षित, शिल्पा शर्मा, शिवेंद्र कुमार, विवेक गुप्ता, रुचि कौशिक, मोहिनी तनेजा, स्वेक्षा भदौरिया, डॉ. सुरेश नागर और दुर्गेन्द्र सिंह राजपूत का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# अंतरार्जीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, 4 सदस्य गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश की टीम ने अंतर राज्य वाहन चोर गैंग का पदार्फाश कर गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साहिल(21), इमरान(26), मुन्ना(26) तथा सुनील(24) का नाम शामिल है। आरोपी इमरान फरीदाबाद के जीवन नगर, आरोपी साहिल उत्तर प्रदेश के हापुड़ एरिया में स्थित मोडी कला व आरोपी मुन्ना गोवर्धन तथा आरोपी सुनील दिल्ली के त्रिलोकपुरी का रहने वाला है। आरोपी मुन्ना ट.अ. पास है और अमेजन कंपनी में नौकरी करता है वहीं आरोपी साहिल 12वीं तक पढ़ा हुआ है जो दिल्ली के बटला हाउस में कपड़े बेचने का कार्य करता है। आरोपी इमरान 10वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है और ब्लिंकिट कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है वहीं आरोपी सुनील 8वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है जो बिग बॉस पर कटिंग का कार्य करता है। क्राइम ब्रांच की टीम में शामिल उप निरीक्षक सुरेश, मुख्य सिपाही जवाहर, सिपाही अंकित हरपाल संदीप प्रभु तथा नरेश ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सबसे पहले 1 नवंबर को आरोपी साहिल को राजस्थान के भीलवाड़ा एरिया से गिरफ्तार किया था और उसके कब्जे से फॉर्च्यूनर गाड़ी बरामद की जो उसने कोतवाली एरिया से चोरी की थी। मामले में गहनता से जांच के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर साथी आरोपी इमरान को जीवन नगर, सुनील को भारत कॉलोनी तथा मुन्ना को गोवर्धन से गिरफ्तार किया गया।

# सरकार धर्म और जाति पर नहीं अन्त्योदय के संकल्प के तहत कर रही है विकास




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने कहा कि सरकार धर्म और जाति पर नहीं अन्त्योदय के संकल्प के तहत पूरे प्रदेश में विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को केंद्र सहित प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। तिगांव विधायक राजेश नागर ने आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री का विशेष दूत बनकर गाँव मादलपुर, टिकरी खेड़ा, खोरी जमालपुर, आलमपुर, पाखल और गोठड़ा मोहबताबाद में जन संवाद कार्यक्रमों की अध्यक्षता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उपस्थित अधिकारीयों को समस्याओं के समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति चलते हुए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। जिससे आमजन को योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त हो रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकारें अन्तोदय योजना के तहत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचकर अन्त्योदय का सपना साकार कर रही है।

विधायक श्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जन समस्याओं के समाधान के लिए गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप आज बिन पर्ची और खर्ची के योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डो में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मांगो और सुझावों को साँझे कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है।

# 2 दिन से लापता 43 वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच कैट ने किया परिजनों के हवाले



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने दो दिन से लापता 43 वर्षीय महिला को तलाश कर सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 15 नवंबर को सेक्टर 58 थाने में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें महिला के परिजनों ने बताया कि वह बिना किसी को बताए घर से निकल गई और उसकी कहीं कोई खोज खबर नहीं लग पाई है।

उसने बताया कि उन्होंने महिला को हर जगह तलाश किया परंतु वह कहीं नहीं मिली। इसके बाद थाने में शिकायत दी गई जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके महिला की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया और क्राइम ब्रांच कैट को इसकी सूचना दी गई जिन्होंने तकनीकी सहायता और गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर महिला के बल्लभगढ़ एरिया में होने का पता लगाया और उसे सकुशल बरामद कर लिया। महिला को उसके परिजनों से मिलवाया गया जहां पता चला कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी इसीलिए घर से चली गई थी। महिला को साइकिल उसके परिजनों के हवाले किया गया जिस पर परिजनों ने तहे दिल से पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी'

## समयबद्धता और गुणवत्ता से समझौता नहीं, गड़बड़ी मिली तो तय होगी जवाबदेहीः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**दिशा-निर्देश**

- सड़क खराब हुई तो निमार्ता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण
- परियोजनाओं की समीक्षा हुई



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित तथा भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने कहा कि विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें।

सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफडीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें।

## ललितपुर बल्क ड्रग्स पार्क में रिसर्च और इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ:** हाई क्वालिटी एट एफोर्डेबल कॉस्ट पर दवाएं और मेडिकल डिवाइसेज उपलब्ध कराने के लिए ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग्स पार्क को योगी सरकार रिसर्च और इनोवेशन के साथ टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर भी ध्यान दे रही है। इसके लिए सरकार ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) और डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) जैसी भारत सरकार की बड़ी संस्थाओं को बल्क ड्रग पार्क से जोड़ते हुए इन्हें अपना नॉलेज पार्टनर बनाया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बल्क ड्रग्स पार्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

## स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ छठ महापर्वः सीएम योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी छठ पर्व को स्वच्छता और सुरक्षा के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां/जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक म प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं/व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नदी/जलाशय घाटों की साफ-सफाई करा लें और ट्रैफिक प्रबंधन भी किया जाए। नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, प्रमुख सचिव नगर विकास, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लखनऊ के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगत स्वच्छ घाट प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो।

**फास्ट न्यूज**

### अमृतसर में एएसआई की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** अमृतसर में इंडस्ट्री जोन में अज्ञात व्यक्तियों ने गुरुवार की पंजाब पुलिस के एसएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर विपक्ष ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा है।
बताया गया कि नगर के सूनसान इलाके में एक इंडस्ट्री जोन में गुरुवार की रात जब एएसआई सरूप सिंह अपने वाहन पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी आरोपितों ने पीछा कर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इंडस्ट्री इलाके में होने के कारण किसी को वारदात के बार में पता भी नहीं चला। शुक्रवार सुबह किसी राहगीर ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने पर देहात पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक एएसआई सरूप सिंह अमृतसर के जंडियाला में तैनात थे और घटना के वक्त वह अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

### सात पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री वीरता पदक से किया सम्मानित

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री वीरता पदक एवं पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अति उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवा पदक हेतु चयनित जनपद के कुल 7 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक कैंप कार्यालय पर वीरता पदक, अति-उत्कृष्ट व उत्कृष्ट सेवा पदक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री वीरता पदक-उप-निरीक्षक श्रीप्रकाश शुक्ला स्वाट प्रभारी जनपद आजमगढ़ को कर्तव्य पालन के दौरान प्रदर्शित अदम्य साहस की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा वीरता पदक एवं रू 1000/- का प्रतिमाह भत्ता से सम्मानित किया गया है। अति उत्कृष्ट सेवा पदक-मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार (थाना निजामाबाद), मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार मिश्रा (थाना बिलरियागंज), मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव (थाना तहबरपुर) व मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार पाण्डेय (पुलिस लाइन्स) को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवा पदक-उप-निरीक्षक विनय कुमार दुबे स्वाट टीम आजमगढ़ व मुख्य आरक्षी संजय सोनकर (पुलिस लाइन्स) को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अति उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवा पदक हेतु जनपद के कुल 24 पुलिस कर्मियों का चयन किया गया था, जिसमें 18 पुलिस कर्मी गैर जनपद स्थानांतरित हो चुके हैं।

### सेना ने 45 गैर-विस्फोटित आयुधों को किया निष्क्रिय

**लद्दाख:** लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के कारगिल क्षेत्र में सेना ने 45 गैर-विस्फोटित आयुधों (यूएक्सओ) को निष्क्रिय कर दिया है। लद्दाख क्षेत्र की देखरेख करने वाली फायर एंड फ्यूरी कोर के एक प्रवक्ता ने कहा कि सभी के लिए आवाजाही की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ध्रुवसैपर्स की बम निरोधक टीम ने कारगिल के कुबार्थांग क्षेत्र में 45 गैर-विस्फोटित आयुधों (यूएक्सओ) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। पश्कुन के आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए नागरिक प्रशासन और कारगिल पुलिस साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## अब बालू माफिया ने ट्रक से कुचल फिर जान ली



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बालू माफियाओं** के द्वारा बिहार पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रभात रंजन की हत्या के बाद जमुई के एसपी और डीएम ने कहा था कि इस पर हम बहुत सख्ती से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि इस घटना में शामिल अपराधी और बालू माफियाओं पर बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी। लेकिन उनकी निगरानी को चुनौती देते हुए बालू माफियाओं के बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने अगले ही दिन फिर जमुई में ही दो युवकों को कुचल दिया। जमुई अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल युवकों को पटना रेफर कर दिया। घायल युवक की मौत पटना के एक निजी अस्पताल में हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही चिराग पासवान पटना के उस निजी अस्पताल में पहुंचे। वहां परिजनों ने बताया कि बालू माफियाओं के इशारे पर अस्पताल ने लापरवाही करते हुए युवक की जान ले ली। इसके बाद चिराग पासवान अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें यह पाया कि उस वक्त अस्पताल के सारे चिकित्सक और मैनेजर सहित लगभग सभी कर्मी अस्पताल से गायब थे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सारी करतूत बालू माफियाओं की है। इसके बाद चिराग पासवान ने बालू माफियाओं के साथ-साथ उस निजी अस्पताल और उस समय अनुपस्थित सभी कर्मियों पर एफआईआर करने की बात कही।

इस दौरान वहां पर काफी तनातनी की स्थिति हो गई। मंगलवार को जमुई जिला के गरही थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलिया टांड़ गांव के पास बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार गरही थाने के अपर थानाध्यक्ष प्रभात रंजन और एक पुलिसकर्मी को कुचल दिया।

**लॉ एंड ऑर्डर फेल**

- परिजनों ने बताया कि बालू माफियाओं के इशारे पर अस्पताल ने लापरवाही करते हुए युवक की जान ले ली

## फाइनल मैच देखने 100 से अधिक चार्टर प्लेन से आएंगे वीवीआईपी

**अहमदाबाद:** अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देखने के लिए देश-विदेश से वीवीआईपी समेत सेलिब्रिटी पहुंचेंगे। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस मुकाबले को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने की संभावना है। ऐसी परिस्थिति में करीब 100 चार्टर प्लेन अहमदाबाद और आसपास के हवाईअड्डों पर उतरेंगे। अहमदाबाद हवाईअड्डे पर 30 से 40 चार्टर प्लेन के पार्क करने की व्यवस्था है। अहमदाबाद के आसपास के हवाईअड्डों पर भी इन चार्टर प्लेन को उतारा जा सकता है। प्रशासन इसकी तैयारी में अभी से जुटा है।

## ज्ञानवापी सर्वेः रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एएसआई ने मांगे 15 दिन

### एएसआई) की ओर से वाराणसी के जिला जज विश्वेश की अदालत में जमा नहीं हो पाई



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** परिसर के सर्वे की रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में जमा नहीं हो पाई। केंद्र सरकार के स्पेशल गवर्निंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अभी रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है। 15 दिन का अतिरिक्त समय देने के लिए हमने अदालत में आवेदन दिया है। लेकिन उस पर भी जिला जज की अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले पर अब शनिवार यानी 18 नवंबर को सुनवाई होगी। एक अधिवक्ता के निधन के कारण एएसआई के आवेदन पर सुनवाई टली। शनिवार को ही शैलेन्द्र पाठक की ओर से व्यास जी की गद्दी डीएम को सुपुर्द किये जाने के वाद पर भी सुनवाई होनी है। माना जा रहा है कि अलग-अलग स्थानों से आई टीमों और त्योहारों के अवकाश के कारण रिपोर्ट तैयार होने में देरी हुई है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बीते 21 जुलाई को ज्ञानवापी परिसर (सील वजूखाने को छोड़ कर) के सर्वे का आदेश एएसआई को दिया था। 24 जुलाई से एएसआई की टीम ने सर्वे का काम शुरू किया था। दो नवंबर को एएसआई ने अदालत को बताया कि सर्वे पूरा हो चुका है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए 15 दिन का समय और चाहिए। अदालत ने 17 नवंबर तक सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया।

**समय की मांग**

- केंद्र सरकार के स्पेशल गवर्निंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अभी रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है



एमपी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर बूथ से बाहर आते बुजुर्ग।

## पंजाब सरकार गुरूपर्व पर शुरू करेगी आटा दाल योजना



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** सरकार ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए गुरूपर्व के अवसर पर पंजाब में घर-घर आटा दाल योजना शुरू करने का फैसला किया है। राज्य में 27 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गरीबों के लिए गेहूं और आटे की होम डिलीवरी की योजना लागू करने का निर्णय लिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तैयार की गई योजना की रूपरेखा को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस योजना के तहत होम डिलीवरी अगले साल जनवरी में शुरू होगी, लेकिन इस योजना की औपचारिक शुरूआत इसी महीने होगी।

इस योजना से राज्य में प्रधानमंत्री कल्याण योजना के 1.42 करोड़ लाभार्थियों को घर पर आटा मिल सकेगा। योजना के तहत हर माह 72500 मीट्रिक टन राशन वितरित किया जाएगा। योजना के प्रारूप के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अक्टूबर से दिसंबर तक की अवधि के लिए गेहूं का वितरण कर दिया गया है।
लाभार्थियों के बीच इसका वितरण भी शुरू हो गया है। अगले साल जनवरी में लाभार्थियों को होम डिलीवरी मिलेगी। सरकार ने गेहूं पीसने के लिए तीन दर्जन आटा मिलों को भी चिह्नित किया है।

**निर्णय**

- प्रकाश पर्व के अवसर पर गरीबों के लिए गेहूं और आटे की होम डिलीवरी की योजना लागू करने का निर्णय लिया

## अब पचास रुपये की टिकट के साथ करतारपुर कॉरिडोर टर्मिनल में घूम सकेंगे पर्यटक

### प्रकाशोत्सव से पहले सिख संगत की मांग को पूरा करते हुए करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल तक पर्यटकों को जाने की अनुमति दे दी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारत** सरकार ने श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाशोत्सव से पहले सिख संगत की मांग को पूरा करते हुए करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल तक पर्यटकों को जाने की अनुमति दे दी है। यह सुविधा उन लोगों के लिए होगी, जो पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं। इसके लिए पर्यटकों को पचास रुपये की टिकट लेनी होगी। सरकार ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भले ही काफी समय पहले खोल दिया है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते यह कई बार बीच-बीच में बंद किया जा चुका है। इसके अलावा पासपोर्ट वेरीफिकेशन तथा वीजा प्रक्रिया के चलते ज्यादातर पर्यटक पाकिस्तानी सीमा में जाने से गुरेज करते हैं। ऐसे में अब भारत सरकार ने करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए बनाए गए श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल पर मात्र 50 रुपये का टिकट लेकर जाने की सुविधा दे दी है। लैंड पोर्ट अथॉरिटी के महाप्रबंधक के अनुसार करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल को सभी तीर्थ यात्रियों के लिए केवल 50 रुपये के मामूली टिकट पर दर्शन के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब श्रद्धालु टिकट शुल्क देकर इस टर्मिनल से ऐतिहासिक गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन कर सकते हैं।
अब पहले की तरह पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी और तीर्थयात्री सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक दर्शन कर सकेंगे।

**शुल्क**

- पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी और तीर्थयात्री सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक दर्शन कर सकेंगे

## नैनीताल जिले में खाई में गिरा वाहन, आठ की मौत व तीन घायल




**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
**जिले के पत**लोट से अमजड़ जाने वाले मोटरमार्ग पर छीड़ाखान के पास शुक्रवार सुबह एक बाइक को बचाने में पिकअप वाहन खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो महिलाएं हैं। मृतकों में दंपति और बेटा भी हैं, जबकि उनका दूसरा बेटा अस्पताल में भर्ती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर शोक जताया है।
जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे नैनीताल जनपद के दूरस्थ पतलोट से अमजड़ जाने वाले मोटरमार्ग पर छीड़ाखान के पास पिकअप वाहन एक बाइक को बचाने के प्रयास में खाई में गिर गई। पिकअप वाहन में चालक सहित कुल 11 यात्री सवार थे। इस दुर्घटना में ग्राम डालकन्या पट्टी गौनियारो जिला नैनीताल निवासी 38 वर्षीय धनी देवी पत्नी रमेश पनेरू, 35 वर्षीय तुलसी प्रसाद पुत्र रमेश चंद्र व उनकी पत्नी 26 वर्षीय रमा देवी व 5 वर्षीय बेटा तरुण पनेरू, 51 वर्षीय देवी दत्त पुत्र ईश्वरी दत्त, 26 वर्षीय नरेश पनेरू पुत्र पूरन पनेरू की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा ग्राम अधौड़ा पट्टी पदमपुर निवासी 25 वर्षीय शिवराज सिंह पुत्र कुंवर सिंह व उनके भाई 20 वर्षीय नवीन सिंह की अस्पताल में मौत हो गयी। इसके अलावा वाहन चालक डालकन्या निवासी वाहन मालिक 36 वर्षीय राजेंद्र पनेरू पुत्र लाल मणि, 46 वर्षीय हेम चंद्र पनेरू पुत्र किशनानंद व 9 वर्षीय योगेश चंद्र पुत्र तुलसी प्रसाद का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा में उपचार चल रहा है।

**गौरव दिवस** यह तीसरा वर्ष है जब पूरा देश सम्मान और उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा

## आदिवासी परंपरा का गौरवगान-जनजातीय गौरव दिवस



**विविध** संस्कृतियों और परंपराओं की भूमि भारत ने हमेशा देश की आजादी के लिए लड़ने वाले अपने बहादुर योद्धाओं के योगदान और बलिदान का जश्न मनाया है। हालाँकि, इस उत्सव के बीच, आदिवासी समुदाय की वीरता और संघर्ष पर अक्सर ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति सम्मान और अटूट प्रेम ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयन्ती के दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के नाम से मनाने की घोषणा कर आदिवासी समाज का पूरे देश में मान बढ़ाया है। आज यह तीसरा वर्ष है जब पूरा देश आदर, सम्मान और उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। इस दिवस से लोगों ने जनजातीय समुदायों के सह-अस्तित्वको स्वीकारा है और दशकों के इंतजार के बाद सामाजिक समानता के सपने को हकीकत में बदल दिया है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी। ऐसे ही देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी लोगों ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी क्योंकि जनजातीय लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया, शायद अभी तक बहुत कम ही लोग ये जानते थे कि अग्रेजों को सबसे प्रारम्भिक और सशक्त चुनौती देश के जंगलों से आदिवासी समाज से ही मिलना प्रारम्भ हुई थी। चाहे तिलका माँझी के नेतृत्व में पहाड़िया आंदोलन हो,बुधू भगत के नेतृत्व में चला लरका आंदोलन हो, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल हूल आंदोलन हो, रानी गाइदिन्ल्यू के नेतृत्व में नागा आंदोलन हो, अल्लूरी सीता राम राजू का रम्पा आंदोलन हो, कोया जनजाति का विद्रोह हो, गोविंद गुरु का भगत आंदोलनहो, अंग्रेजों के विरुद्ध जनजाति समाज का एक व्यापक, विस्तृत व विशाल योगदान रहा है। धरती आबा बिरसा मुंडा की अपने माटी के प्रति संघर्ष की ही पृष्ठभूमि थी कि अंग्रेजों को छोटा नागपुर काश्तकारी-सीएनटी अधिनियम बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिसके अधीन परंपरागत वन अधिकार भुईंहरी खूँट के नाम से निहित हैं` भुईंहरी खूँट, जो जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार देता है। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष के बल पर देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक भूल को स्?वीकारते हुए हमारी संसद ने वन अधिकार कानून पारित किया।

भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया कि उनके अपने समाज की स्वशासन व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का बा हस्तक्षेप न हो इस कारण पेसा जैसे कानून इस देश में बने, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी परंपरागत व्यवस्था पर कोई हस्तक्षेप न हो, परंपरागत ढंग से नियंत्रणाधीन व्यवस्थाओं के अनुरूप ही पेसा का कानून चले और साथ ही साथ संवैधानिक प्रावधानों का समावेशीकरण हो सके।।

**अटूट प्रेम**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति सम्मान और अटूट प्रेम ही है